E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 50 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, बुधवार 02 सितंबर, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास ला रहे रंग, राजस्थान में पर्यटन ने पकड़ी रफ्तार, इस वर्ष 10.93 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंचे



थिंक राजस्थान

जयपुर। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विस्तार ले रहा है। इस वर्ष जून माह तक प्रदेश में 10.85 करोड़ घरेलू और 8.45 लाख विदेशी पर्यटक पहुंच चुके हैं। वर्ष 2024 में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की यात्राओं के मामले में राजस्थान देश में पांचवें स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अब पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्थानीय स्वरोजगार का बड़ा माध्यम बनाने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2023 में प्रदेश में 17 करोड़ 90 लाख देशी एवं 17 लाख विदेशी पर्यटक आए। वर्ष 2025 में इस संख्या भारी बढ़ोतरी हुई और 25 करोड़ 25 लाख देशी और 19 लाख 45 हजार विदेशी पर्यटकों ने राजस्थान का भ्रमण किया। राज्य सरकार का जोर पर्यटन को धार्मिक, ग्रामीण, हेरिटेज, ईको और एडवेंचर पर्यटन के साथ स्थानीय कला, हस्तशिल्प, खान-पान और लोक संस्कृति से जोड़ने पर है। मुख्यमंत्री स्वयं पर्यटन, देवस्थान और कला-संस्कृति से जुड़ी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सरकार का मानना है कि राजस्थान की हजारों वर्ष पुरानी विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आर्थिक विकास और रोजगार से जोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री की पहल पर पर्यटन के विस्तार के लिए कई नई नीतियां लाई गई हैं। पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश और नई पर्यटन इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2024 लागू की गई है। इसके बाद पर्यटन विकास को व्यापक आधार देने के लिए राजस्थान पर्यटन नीति-2025 लाई गई। प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने तथा शूटिंग से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान करने के लिए राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 भी लागू की गई है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए राजस्थान टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड केपैसिटी बिल्डिंग के तहत 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य प्रस्तावित हैं। इसमें पर्यटन स्थलों की सुविधाओं, ब्रांडिंग और आधारभूत ढांचे के साथ विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने पर जोर है। जयपुर में आईफा अवार्ड के 25वें समारोह के आयोजन ने राजस्थान की पर्यटन, कला-संस्कृति और फिल्म क्षेत्र की वैश्विक ब्रांडिंग को नई पहचान दी। वहीं डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में पहली बार वेड इन इंडिया एक्सपो आयोजित किया गया। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2024 और 2025 में जयपुर में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट तथा इंडियन रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट समिट एण्ड अवार्ड आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रदेश में पर्यटकों को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल मिले। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटकों, विशेषकर महिला पर्यटकों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पर्यटक सहायता बल ने 15 फरवरी 2024 से विशेष अभियान चलाया। इसके तहत करीब 1,583 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रमुख पर्यटन स्थलों और राजकीय स्मारकों पर फरवरी 2024 से ऑनलाइन फीडबैक व्यवस्था भी शुरू की गई है। नई दिल्ली के सेंट्रल विस्टा में राजस्थानी भोजन कियोस्क स्थापित किया गया है। प्रदेश में 81 हेरिटेज होटल एवं संपत्तियों को हेरिटेज प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं।

## गैस की किल्लत मिटाने के लिए मोदी सरकार ने ढूंढा विकल्प, इस देश से करेगा आयात



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी अमेरिका और ईरान युद्ध की वजह से देश में एलपीजी गैस की शॉर्टेज देखने को मिल रही है। इस बीच अब राहत की खबर सामने आई है। भारत में चल रहे गैस संकट को सुलझाने के लिए केंद्र सरकार अमेरिका से गैस खरीद रही है। कुछ दिनों पहले इससे जुड़ा कुछ सरकारी डाटा सामने आया है। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में अमेरिका से भारत के पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स खासतौर से LPG के आयात में सालाना आधार पर 254 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और ये 2.60 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि इसी दौरान उसी देश से कच्चे तेल का आयात 57.5 प्रतिशत से घटकर 1.57 अरब डॉलर रह गया। बता दें, LPG के इम्पोर्ट में ये बढ़ोतरी अप्रैल से जून के बीच हुई है। जब दुनियाभर में एनर्जी सप्लाई प्रभावित हो रही थी। ऐसा मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण हो रहा था। एक्सपर्ट्स की मानें तो खासकर खाड़ी क्षेत्र से होने वाली सप्लाई में रुकावटों का असर पड़ रहा है। LPG, यानी कि खाना पकाने वाली गैस, प्रोपेन और ब्यूटेन का एक मिक्स होती है। तेल मार्केटिंग कंपनियां अक्सर इन दोनों घटकों को अलग-अलग लिक्विड रूप में आयात करती हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल-जून 2025 में अमेरिका से भारत का कच्चा तेल आयात 3.70 अरब डॉलर था, जो अप्रैल-जून 2026 में घटकर 1.57 अरब डॉलर रह गया।

## राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की तैयारियों पर ओम बिरला की समीक्षा बैठक

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में मंगलवार को 13 से 19 सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित होने वाले 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी सदस्यों और महिला प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे निर्धारित सत्रों और कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लें।

उन्होंने कहा कि चर्चाओं के दौरान प्रभावी ढंग से अपने विचार रखें, ताकि भारत के राष्ट्रीय हितों और दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत एवं संरक्षित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि इस प्रकार के वैश्विक मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी से हमारी संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का दायरा और अधिक मजबूत होता है। बैठक के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल के लिए छह प्रमुख सीपीसी (सीपीसी) कार्यशालाओं के एजेंडे को रेखांकित किया गया।

## 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मैन्युफैक्चरिंग विजन का आधार होना चाहिए

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग विजन को 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए।

उन्होंने एमएसएमई से कहा कि वे उभरते हुए ग्लोबल ट्रेड के मौकों का फायदा उठाएं और खुद को ग्लोबल स्तर पर कॉम्पिटिटिव कंपनियों में बदलें। ग्रेटर नोएडा में एमएसएमई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छोटे और मध्यम उद्योगों से अपने टर्नओवर का एक हिस्सा रिसर्च, डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने में निवेश करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, 'ये एफटीए नेटवर्क एमएसएमई और उद्योगों के लिए वैश्विक व्यापार और निर्यात के अवसरों का एक विशाल भंडार खोलते हैं।'

## शिक्षक भर्ती के आवेदन की नई तारीख तय, 21 सितंबर से शुरू हो सकती है प्रक्रिया




थिंक राजस्थान

पटना। बिहार में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) के लिए आवेदन का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए नई तारीख सामने आ गई है। इस संबंध में बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग के मुताबिक, शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 सितंबर 2026 से शुरू होने की संभावना है। बीपीएससी ने अपने पत्र में बताया कि विज्ञापन संख्या 14/2026 के तहत आयोजित होने वाली चतुर्थ चरण की विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। इन संशोधनों के बाद 21 सितंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना जताई गई है। हालांकि शिक्षक अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना होगा कि बीपीएससी ने 21 सितंबर की तारीख को अंतिम या निश्चित तारीख के तौर पर घोषित नहीं किया है। आयोग ने अपने पत्र में इसे संभावित तिथि बताया है। ऐसे में आगे चलकर इसमें बदलाव होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

दरअसल, TRE-4 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 सितंबर 2026 से शुरू होनी थी। लेकिन इससे ठीक एक दिन पहले, 31 अगस्त को बीपीएससी ने आवेदन प्रक्रिया को स्थगित करने की जानकारी दी थी।

आयोग ने इसके पीछे प्रक्रियागत बदलावों को वजह बताया था। आयोग ने कहा था कि आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की नई तारीख जल्द जारी की जाएगी। इसके बाद महज 24 घंटे के भीतर मंगलवार को नई संभावित तारीख सामने आ गई। अब अभ्यर्थियों की नजर बीपीएससी की ओर से जारी होने वाले संशोधित विज्ञापन और अंतिम आवेदन कार्यक्रम पर है।

## महुआ मोइत्रा के दौरे पर बवाल, काले झंडे दिखाकर लगे 'वापस जाओ' के नारे



थिंक राजस्थान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (TMC) सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह प्रदर्शन उनके संसदीय क्षेत्र नदिया जिले के छपरा में हुआ था। इस दौरान उनके खिलाफ नारेबाजी भी हुई। इस दौरान 'महुआ मोइत्रा वापस जाओ' जैसे नारे लगे। यह मामला ऐसे समय पर हुआ था, जब वह 1 सितंबर को छपरा में एक बैठक में शामिल होने के लिए पहुंची थीं, जहां पर कुछ लोग पहले से ही काले झंडे लेकर जमा हो गए थे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं किया है। हालांकि, महुआ मोइत्रा वहां से निकल गई थीं, लेकिन स्थानीय लोगों ने दावा करते हुए कहा कि वे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे से हैं और उन्होंने इलाके के लिए कुछ भी कार्य नहीं किया है। इस सबके बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से टीएमसी सांसद को अंडे फेंकने और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से 30 दिनों के लिए सुरक्षा बढ़ाने का आदेश जारी किया है। अब उनके निर्वाचन क्षेत्र के दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा उन्हें 48 घंटे पहले एसपी को सूचना देनी होगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होने वाली है। इससे पहले महुआ मोइत्रा ने 1 जुलाई, 2026 को भाजपा कार्यकर्ताओं पर अंडे फेंकने के आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा करते हुए कहा था कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रही थीं। इसी दौरान वहां पर भाजपा कार्यकर्ता पहुंच गए थे और बाहर से उनकी तरफ अंडे फेंके गए। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ फेंके गए अंडे उन्हें लगे हैं और इसके साथ पत्थर भी फेंके जाने का दावा किया था। इसके अलावा उन्होंने पुलिस पर भी सहायता नहीं करने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद नदिया जिले में राजनीतिक माहौल एक बार फिर गरमा गया है। सांसद के दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी ने स्थानीय स्तर पर चल रही राजनीतिक खींचतान को सामने ला दिया है। प्रदर्शनकारियों की ओर से लगाए गए आरोपों के बीच अब यह भी महत्वपूर्ण होगा कि क्षेत्र में सांसद के विकास कार्यों और जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी सक्रियता को लेकर जनता की वास्तविक प्रतिक्रिया क्या है।

## फर्जी IAS तृप्ति के नए वीडियो से फिर मचा हड़कंप, विधानसभा परिसर को लेकर उठने लगे सवाल



थिंक राजस्थान

भोपाल। मध्य प्रदेश में फर्जी IAS बनकर घूमने वाली तृप्ति सिंह राजपूत से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है। इसके बाद हड़कंप मच गया है। इस वायरल वीडियो में तृप्ति सिंह अपनी दो सहेलियों के साथ दिखाई दे रही है। जिसमें तीनों खुद को आईएएस अधिकारी बताते हुए बातचीत और मस्ती कर रही है। हालांकि, इस वीडियो की लोकेशन विधानसभा परिसर के बाहर की बताई जा रही है, जिसे लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। इस वीडियो में तृप्ति सिंह कह रही है, 'हमारी हरकतों को देखकर कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हम तीनों IAS अफसर हैं... हां, हम थोड़े बेवकूफ हैं, मगर धीरे-धीरे प्रोग्रेस हो रही है।' इसके बाद उसकी सहेलियां कहती हैं, 'हम दोनों प्रोग्रेस पर हैं, लेकिन यह हमारी सीनियर हैं।' इसके जवाब में तृप्ति कहती है, 'मैं भी प्रोग्रेस पर हूं, लेकिन मैं इन्हीं की उम्र की हूं।' इस वीडियो के वायरल होने के बाद इस जगह की सच्चाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस पर विधानसभा के PRO महावीर जैन का कहना है कि जिस वीडियो में जगह दिखाई दे रही है, वह विधानसभा की नहीं है। न्होंने कहा कि विधानसभा भवन में इस प्रकार के लाल पत्थर नहीं लगे हैं, इस वजह से यह वीडियो विधानसभा परिसर का नहीं है।

## चाबहार से बंदर अब्बास तक धमाकों से दहला ईरान, होर्मुज हमले के जवाब में US का पलटवार



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच हमलों का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। दोनों देशों में पीस डील को लेकर चल रही बातचीत के बीच अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल के मुताबिक, यह सैन्य कार्रवाई होर्मुज में कमर्शियल शिप और क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिकों पर ईरान की ओर से किए गए हालिया हमलों के जवाब में किया गया। ईरानी स्थानीय मीडिया और आईआरजीसी से जुड़े टेलीग्राम चैनलों के मुताबिक, अमेरिकी हमलों के बाद दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी ईरान के बड़े हिस्से में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। चाबहार, बंदर अब्बास, कोणारक, केशम, सिरिक और मीनाब जैसे प्रमुख अमेरिकी समयानुसार दोपहर 12 बजे आईआरजीसी के ठिकानों को तबाह किया जा रहा है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने रविवार को जॉर्डन में अमेरिकी सेना पर कम से कम आठ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह हमला अमेरिका की ओर से लारक द्वीप पर आईआरजीसी के मिसाइल लॉन्चरों पर किए गए हवाई हमले के बाद हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। वहीं, ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी ने आईआरजीसी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि ईरानी सेना ने जॉर्डन में स्थित किंग हुसैन और अल-अजराक अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मौजूद 'तकनीकी और रखरखाव ढांचे' और उन क्षेत्रों को निशाना बनाया जहां 'दुश्मन के लड़ाकू विमान' तैनात थे। ईरान का दावा है कि इस हमले से भारी नुकसान हुआ। ईरान की कार्रवाई के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, 'हम उन पर कड़ा प्रहार करेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा।' उन्होंने बताया कि रात में दागी गई ईरानी मिसाइलों में से एक को अमेरिकी एयर डिफेंस सिस्टम ने जानबूझकर नहीं रोका, क्योंकि आकलन में पाया गया था कि वह किसी लक्ष्य को नहीं लगेगी।

वहीं, बाकी आने वाली मिसाइलों को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया। हालांकि, ट्रंप ने कहा कि बातचीत की संभावना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 'वे बातचीत करना चाहते हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि उनके साथ किसी समझौते पर भरोसा किया जा सकता है या नहीं।' ट्रंप ने कहा कि प्रतिबंधों का असर अब बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अमेरिका की ओर से ३० अगस्त को लारक द्वीप पर ईरानी प्रक्षेपण स्थलों को निशाना बनाए जाने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इन ठिकानों से समुद्री सुरंगें बिछाने की तैयारी की जा रही थी, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों के लिए खतरा पैदा हो सकता था।

## न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं

थिंक राजस्थान

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। एक माह के इस व्यापक अभियान में 13 प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और जनभागीदारी की कहानी समाज के हर वर्ग तक पहुंचाई जाएगी। 'आशीर्वाद का दीया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर-सेवाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'रंगोली राष्ट्र एवं घर-घर से राष्ट्र तक', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज' और 'जनसेवा महाकुंभ' इसके प्रमुख कार्यक्रम होंगे।

## संपादकीय

# जयपुर पहुंची कैश की खेप में 4.30 लाख कम मिलने से हुआ बड़ा भंडाफोड़ : सहारनपुर PNB करेंसी चेस्ट में मिले 17 करोड़ के नकली नोट

एजेंसी, थिंक राजस्थान

जयपुर/सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (PNB) की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने के सनसनीखेज मामले की जड़ें जयपुर से जुड़ी हैं। दरअसल, सहारनपुर से जयपुर भेजी गई नकदी में 4 लाख 30 हजार रुपये कम मिलने के बाद जब जांच की परतें खुलीं, तो बैंकिंग इतिहास का यह बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की टीम ने सहारनपुर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और 3 बैंक अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। जयपुर करेंसी चेस्ट में गिनती के दौरान पकड़ में आई गड़बड़ी घटनाक्रम के अनुसार, सहारनपुर की घंटाघर स्थित पीएनबी शाखा से कटे-फटे और पुराने नोटों के रूप में 11.50 करोड़ रुपये की राशि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के जयपुर करेंसी चेस्ट को भेजी जानी थी। इसके लिए शाखा के पार्ट-टाइम हाउसकीपर विशाल कुमार को नोटों की गड्डियां व्यवस्थित करने का जिम्मा दिया गया था। निर्धारित प्रक्रिया के तहत 5 अगस्त को जब यह कैश खेप जयपुर पहुंची, तो यहां नोटों की गिनती और मिलान के दौरान 4,30,900 रुपये कम पाए गए। जयपुर करेंसी चेस्ट के अधिकारियों ने तुरंत इसकी आधिकारिक सूचना पीएनबी मेरठ मंडल कार्यालय को भेजी। जयपुर से मिली सूचना के आधार पर जब मेरठ के चीफ मैनेजर अरुण कुमार चौबे ने सहारनपुर ब्रांच के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो हाउसकीपर विशाल कुमार नोटों की गड्डियों से रुपये निकालता दिखा। उसे तत्काल हटाकर चोरी का केस दर्ज कराया गया। इसके बाद जब 9 अगस्त से सहारनपुर करेंसी चेस्ट का आंतरिक ऑडिट शुरू हुआ, तो बैंक रिकॉर्ड और कैश मिलान के दौरान चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट रखे होने का खुलासा हुआ। नकली नोटों के इस बड़े रैकेट के खुलासे के बाद पीएनबी प्रशासन ने सीनियर डिवीजनल मैनेजर रवि कुमार कांसे, करेंसी चेस्ट मैनेजर सुशील कुमार और यमुनानगर-जगाधरी में तैनात करेंसी चेस्ट मैनेजर अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पीएनबी मेरठ के चीफ मैनेजर की शिकायत पर तीन अधिकारियों और हाउसकीपर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।




## अनिशा भार्गव को मिला गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड-2026



एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। सूरजगढ़ के रानी बाग होटल में राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थान आदर्श समाज समिति इंडिया, सूरजगढ़ की ओर से राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चूरू की प्रतिभाशाली अनिशा भार्गव को खेल एवं लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया। श्री बजरंग लाल गांधी स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विद्वान एवं प्रतिभाएं शामिल हुईं। संस्था के संयोजक धर्मपाल गांधी ने बताया कि अनिशा भार्गव की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। अनिशा भार्गव को गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड मिलने पर चूरू के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, साहित्यकारों एवं शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी भी अपनी प्रतिभा को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सके।

## भाजपा नेताओं के पास न धरातल बचा है न जवाब, पर्ची-खर्ची सरकार के पाप छुपाने में जुटे मदन राठौड़

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने निकाय चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान को उनकी हताशा का प्रतीक बताया है और कहा है कि यह 'पर्ची-खर्ची' सरकार की नाकामियों पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कवि दुष्यंत कुमार जी की मंगलवार को जयंती पर उनके ये अल्फ़ाज़ आज राजस्थान की भाजपा सरकार पर शत-प्रतिशत सटीक बैठते हैं कि 'तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।' जूली ने कहा कि पूरा प्रदेश गवाह है कि पिछले लगभग तीन वर्षों में पर्ची और खर्ची की सरकार के राज में भ्रष्टाचार ने तमाम सीमाएं पार कर दी हैं।



## सैनिकों की शहादत से ही देश की सीमाएं सुरक्षित

एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। घांघू गांव में शहीद सैनिक हवलदार लखू सिंह राठौड़ की 37वीं पुण्यतिथि पर ग्रामवासियों ने शहीद स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीद को नमन किया। इस दौरान भारत माता की जय और शहीद लखू सिंह अमर रहे के जयघोष से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। इस अवसर पर शिक्षाविद मुरारीलाल बाटू, प्रधानाचार्य संजीव कुमार कस्वां, अनिल कुमार जांगिड़, सुनील जांगिड़, रत्न सिंह तंवर, हरीश दर्जी, विकास रेवाड़, दीपाराम, प्रभुदयाल, मंगलचंद, महेंद्र कुमार, रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और शहीद को श्रद्धांजलि दी।



## जन्मदिन पर सेवा का संदेश, रेहड़ी यूनियन ने गायों को खिलाया गुड़

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। सरदारशहर विकास मंच के अध्यक्ष एवं एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित के जन्मदिन के अवसर पर विकास मंच की रेहड़ी यूनियन की ओर से सेवा कार्य किया गया। यूनियन पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बीहड़ बुंगली बालाजी मंदिर के सामने गायों को गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया और राजेन्द्र राजपुरोहित के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर रेहड़ी यूनियन अध्यक्ष बजरंग लाल भाट ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को सामाजिक सेवा से जोड़ना समाज में सकारात्मक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाने के प्रयासों को देखते हुए यूनियन ने उनके जन्मदिन पर गौसेवा करने का निर्णय लिया। बजरंग लाल भाट ने कहा कि सेवा कार्य केवल किसी आयोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ निरंतर किए जाने चाहिए। इसी भावना के तहत यूनियन सदस्यों ने गौसेवा कर जन्मदिन को सार्थक रूप से मनाया। कार्यक्रम में रेहड़ी यूनियन अध्यक्ष बजरंग लाल भाट, उपाध्यक्ष इमरान, भिखा हेताराम, कोषाध्यक्ष इस्लाम मेघवाल, ओमप्रकाश भाट, सोयल, आदिल, कन्या लाल जाट एवं महेंद्र प्रजापत सहित यूनियन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सेवा कार्य के दौरान यूनियन सदस्यों ने गायों को गुड़ खिलाकर उनके लिए चारे और पानी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि पशु सेवा भारतीय संस्कृति में करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक रही है। इसी भावना के साथ जन्मदिन के अवसर को सेवा से जोड़कर मनाने का प्रयास किया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सामाजिक कार्यों में सामूहिक भागीदारी से समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

## नगर निकाय चुनाव-2026 : सभी नगर निकाय मुख्यालयों पर 14 सितंबर को होगी मतगणना

एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। जिले में नगर निकाय आम चुनाव-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में प्रथम चरण में नगर परिषद चूरू, सुजानगढ़ तथा नगरपालिका राजगढ़, रतननगर और छापर में 9 सितंबर को मतदान होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रथम चरण में चूरू के 60 वार्डों के लिए 106, सुजानगढ़ के 60 वार्डों के लिए 89, राजगढ़ के 40 वार्डों के लिए 47, रतननगर के 20 वार्डों के लिए 20 तथा छापर के 25 वार्डों के लिए 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दूसरे चरण में सरदारशहर के 55 वार्डों के लिए 89, तारानगर के 35 वार्डों के लिए 36, साहवा के 20 वार्डों के लिए 20, रतनगढ़ के 45 वार्डों के लिए 63, राजलदेसर के 35 वार्डों के लिए 35 तथा बीदासर के 35 वार्डों के लिए 37 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। उन्होंने बताया कि सभी नगर निकायों की मतगणना 14 सितंबर को संबंधित नगर निकाय मुख्यालयों पर निर्धारित मतगणना केंद्रों पर होगी।

## बिज्जी की कथाओं में लोक तत्व, आधुनिक संदर्भों में बनीं आधुनिक कथा : कैलाश कबीर

एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। प्रख्यात साहित्यकार विजयदान देथा 'बिज्जी' के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रयास संस्थान की ओर से आयोजित बिज्जी शताब्दी समारोह का मंगलवार शाम ओसवाल भवन में भव्य समापन हुआ। समारोह की अध्यक्षता बिज्जी की कथाओं के चर्चित अनुवादक कैलाश कबीर ने की। मुख्य अतिथि राजस्थानी मासिक पत्रिका 'माणक' के संपादक पदम मेहता तथा विशिष्ट अतिथि 'बोरूंदा डायरी' के लेखक मालचंद तिवाड़ी और साहित्यकार डॉ. भरत ओला रहे। कैलाश कबीर ने कहा कि बिज्जी की कथाओं का कथा-तत्व लोक से जुड़ा है, लेकिन उन्होंने उसे आधुनिक संदर्भों में इस तरह रचा कि वह आधुनिक कहानी बन गई। उनकी रचनाओं में आम आदमी और स्त्री के पक्ष को मजबूती से सामने रखा गया है। उन्होंने कहा कि लोक की जमीन पर खड़े होकर आधुनिक जीवन की जटिलताओं को समझने और अभिव्यक्त करने की बिज्जी में अद्भुत क्षमता थी। पदम मेहता ने कहा कि बिज्जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राजस्थानी भाषा, लोकजीवन और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। मालचंद तिवाड़ी ने बिज्जी के साथ बिताए समय के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वे लेखन से लेकर प्रकाशन और अनुवाद तक अपनी रचनाओं को लेकर बेहद सजग रहते थे। डॉ. भरत ओला ने बिज्जी की रचनाओं की शक्ति को लोकजीवन से जुड़ाव, मानवीय संवेदना और जीवन की विसंगतियों को पहचानने वाली दृष्टि बताया। समापन समारोह से पहले 'बिज्जी का लेखन एवं फिल्मांकन-मंचन' तथा 'बिज्जी की भाषा' विषय पर दो सत्र आयोजित हुए। साहित्यकारों ने बिज्जी की कहानियों के मंचन, फिल्मांकन, लोकभाषा के प्रयोग और उनकी विशिष्ट कथाभाषा पर विस्तार से चर्चा की। समारोह में आयोजन में सहयोग देने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों का नागरिक अभिनंदन भी किया गया।




## अजनबी से सावधान! 'नहीं कहो, दूर जाओ और बताओ' का दिया संदेश

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। तालुका विधिक सेवा समिति, सरदारशहर के तत्वावधान में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देश में मंगलवार को ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत तीन शिक्षण संस्थानों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में करीब 650 विद्यार्थियों ने भाग लिया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उड़सर लोडेरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवनदेसर और सरदार भगतसिंह शिक्षण संस्थान में आयोजित शिविरों में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को 'Stranger Danger – No, Go, Tell' का संदेश दिया। अपर लोक अभियोजक पवन कुमार सैनी, पैनल अधिवक्ता संदीप कुमार भोजक एवं अधिवक्ता अंतिमा जाड़ीवाल ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और ग्रालसा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी।

## जहाज में कारस देव का लक्खी मेला शुरू, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने किया शुभारंभ

एजेंसी, थिंक राजस्थान

बयाना भरतपुर के वैर उपखंड के गांव जहाज में लोक देवता कारस देव का प्रसिद्ध लक्खी मेला शुरू हो गया है। मेले का शुभारंभ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान मंत्री बेढम ने कारस देव की विशेष पूजा कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मेले के शुभारंभ के साथ ही जहाज गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। तस्वीरें वैर उपखंड के गांव जहाज की... जहां लोक देवता कारस देव का प्रसिद्ध लक्खी मेला शुरू हो गया है। मेले के शुभारंभ अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम कारस देव मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने कारस देव की विशेष पूजा कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कारस देव के प्रति क्षेत्र के लोगों में गहरी आस्था है। मेले में दूर-दराज के इलाकों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का



सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालु कारस देव के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते नजर आए। वहीं मेले को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोक देवता कारस देव किसानों और पशुपालकों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए आस्था के केंद्र हैं। उनका स्वाभिमान, संघर्ष और लोक कल्याण का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार लोक देवताओं से जुड़े धार्मिक स्थलों के विकास और सांस्कृतिक पुनरुद्धार की दिशा में लगातार काम कर रही है। लक्खी मेले को लेकर गांव जहाज और आसपास के क्षेत्र में उत्सवी माहौल है। मेले में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा और सुगम आवागमन को लेकर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। कारस देव के लक्खी मेले के शुभारंभ के साथ ही जहाज गांव में आस्था, लोक संस्कृति और श्रद्धा का रंग चढ़ गया है।

## चालान में तेजी, गौवंश हटाने में सुस्ती! जयपुर की सड़कों पर दोहरा रवैया!

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। शहर की प्रमुख सड़कों और राजमार्गों पर खुले में घूमता बेसहारा गौवंश अब श्रद्धा के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। सड़क पर बैठे या घूमते गौवंश के कारण यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। चिंता की बात यह है कि इससे आम राहगीरों के साथ वास्तविक गौसेवक भी परेशान हैं। ठाकुर नारायण सिंह मार्ग पर भी सड़क किनारे खुले में घूमता गौवंश इस समस्या की तस्वीर सामने ला रहा है। यह मार्ग तिलक नगर को राजा पार्क से जोड़ता है और यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। सवाल यह है कि गलत स्थान पर खड़े वाहन का चालान करने में प्रशासन जिस तत्परता का प्रदर्शन करता है, क्या उसी गंभीरता से सड़कों पर घूम रहे गौवंश को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था नहीं की जा सकती। भाजपा सरकार से अपेक्षा है कि गौ संरक्षण को केवल राजनीतिक नारे तक सीमित रखने के बजाय प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सड़कों और राजमार्गों से बेसहारा गौवंश को सुरक्षित रूप से पकड़कर निर्धारित गौशालाओं अथवा आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की नियमित व्यवस्था होनी चाहिए। गौवंश की सुरक्षा और राहगीरों की जान दोनों सरकार एवं प्रशासन की जिम्मेदारी हैं। गौ संरक्षण का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिले और शहर की सड़कों पर इंसान तथा पशु दोनों सुरक्षित रहें। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशु को बचाने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो देते हैं।



## युवा जिला कलेक्टरों के साथ मुख्य सचिव ने की बैठक, शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर साइबर अपराध पर हुई चर्चा

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में युवा जिला कलेक्टरों के साथ बैठक कर शिक्षा, स्वास्थ्य, साइबर अपराध की रोकथाम, हरियालो राजस्थान तथा जल जीवन मिशन सहित विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों से फील्ड स्तर की चुनौतियों, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक नवाचारों के संबंध में फीडबैक लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता नागरिक केन्द्रित, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी शासन होनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों को नियमित फील्ड विजिट के माध्यम से योजनाओं एवं सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने विद्यालयों में सुरक्षित एवं सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वच्छ पेयजल तथा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला कलेक्टरों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं में कमियों की पहचान और उनके समयबद्ध समाधान पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में स्कूल आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। श्रीनिवास ने जिला कलेक्टरों से स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित समीक्षा तथा सीएमएचओ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की निगरानी और चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर के चिकित्सा संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से जुड़ी चुनौतियों का प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने साइबर अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय समितियों को सक्रिय रखने तथा संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराध में इस्तेमाल किए जा रहे नए एवं संदिग्ध बैंक खातों की पहचान और उन पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता बताई। श्रीनिवास ने साइबर अपराध संबंधी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करने तथा आमजन में साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक में अलवर, भरतपुर, दौसा, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर एवं करौली के जिला कलेक्टर उपस्थित रहे।

# राजस्थान/ प्रादेशिक

## सीएम भजनलाल शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं से किया मंथन, टिकट से वंचित दावेदारों को साथ लेकर चलने पर जोर



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। नगर परिषद चुनाव को लेकर सरदारशहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर चुनावी रणनीति और संगठन की एकजुटता को लेकर मंथन किया। बैठक में वर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, पूर्व विधायक अशोक पिंचा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, संगठन प्रभारी विजय आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा एवं बीकानेर संभाग चुनाव प्रभारी मुकेश दाधीच सहित अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक में पार्टी की चुनावी तैयारियों, संगठन को मजबूत रखने तथा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने पर चर्चा हुई। टिकट से वंचित दावेदारों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में एकजुट होकर चुनाव मैदान में काम करने का आह्वान किया गया। बैठक में सरदारशहर में भाजपा का बोर्ड बनाने के संकल्प पर भी जोर दिया गया। बैठक और उससे जुड़े संदेश वाली पोस्ट पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के बेटे मनीष रिणवा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर की। पोस्ट के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया गया। अब निगाहें इस बात पर हैं कि बैठक के बाद सरदारशहर नगर परिषद चुनाव में भाजपा की रणनीति किस रूप में सामने आती है और पार्टी टिकट से वंचित दावेदारों व नाराज कार्यकर्ताओं को किस तरह अपने साथ जोड़कर चुनावी मैदान में उतरती है। बैठक के बाद स्थानीय संगठन में भी चुनावी गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुए मंथन को सरदारशहर में चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच वार्ड स्तर पर समन्वय बढ़ाने तथा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार अभियान को मजबूत करने पर जोर रहेगा। टिकट वितरण के बाद सामने आने वाली नाराजगी को साधना भाजपा के लिए अहम चुनौती होगी। कई दावेदार लंबे समय से चुनाव की तैयारी कर रहे थे, ऐसे में उन्हें संगठन के साथ बनाए रखना पार्टी के लिए जरूरी माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल भी अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं।

## युवा संवाद में युवाओं ने लिया मतदान का संकल्प



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं स्वीप प्रभारी शैलजा पांडे ने युवाओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए स्वयं मतदान करने और परिवार व आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। स्वीप सह प्रभारी एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई ने 'एक व्यक्ति, एक वोट' के महत्व और मतदान अधिकार के ऐतिहासिक विकास की जानकारी दी। स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी साझा की। पुस्तकालय अध्यक्ष विमल शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दीपक जोशी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। संचालन सुधीर मिश्रा ने किया। स्वीप टीम की ओर से युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति नागरिक जिम्मेदारी भी है।

## नगर निगम सतर्कता शाखा की कार्रवाई, 13 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के सामने, किंग्स रोड़ वैशाली नगर, हाथोज रोड़ कालवाड़, करधनी, रेगर बस्ती पुलिस थाना रोड़ झोटवाड़ा एवं बियानी कॉलेज विद्याधर नगर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 13 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 13 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाई अमल में लाई जायेगी।

## अनियमितताएं पाए जाने 2 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञाप्त्र निलंबित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 2 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञाप्त्र निलम्बित किए गए हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक श्री देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि आडसर पुरोहितान स्थित जगदम्बा मेडिकल एंड जनरल स्टोर एवं कोलासर स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर के अनुज्ञाप्त्र 15 से 24 सितंबर तक 10 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं। औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से की गई जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के बाद यह कार्रवाई की गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मेडिकल दुकानों में औषधियों के रखरखाव, बिक्री से जुड़े अभिलेख और निर्धारित नियमों के पालन की जांच समय-समय पर की जाती है। निरीक्षण के दौरान नियमों में कमी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। दोनों मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञाप्त्र निलंबित किए जाने के बाद निर्धारित अवधि में वहां औषधियों की बिक्री नहीं की जा सकेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि औषधियों की बिक्री और भंडारण से संबंधित नियमों का पालन करना प्रत्येक औषधि विक्रेता के लिए अनिवार्य है।

## विशेष आवश्यकता वाली बालिकाओं को मिलेगा 2,000 रुपये वार्षिक स्टाइपेंड

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाली बालिकाओं को सत्र 2026-27 में 10 माह तक 200 रुपये प्रतिमाह, यानी अधिकतम 2,000 रुपये वार्षिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। योजना का लाभ 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाली तथा सक्षम चिकित्सा अधिकारी से दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्राप्त बालिकाओं को मिलेगा। इसके लिए जिला स्तर पर आवेदन आमंत्रित कर पात्र बालिकाओं का चयन किया जाएगा। भुगतान संबंधित बालिका के बैंक खाते में किया जाएगा, जबकि गंभीर दिव्यांगता की स्थिति में माता-पिता/अभिभावक के साथ संयुक्त खाते में राशि जमा होगी। समग्र शिक्षा विभाग ने पात्र बालिकाओं की जानकारी प्रबंध पोर्टल और शाला दर्पण पर अनिवार्य रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने अधिकाधिक पात्र बालिकाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए हैं।

## नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में (आपणी योजना) नगरनिकाय आम चुनाव-2026 के लिए ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने कहा कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का उद्देश्य ईवीएम मशीनों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से नगरीय निकायवार आवंटन सुनिश्चित करना है। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मशीनों को संबंधित नगरीय निकाय के लिए चिन्हित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ईवीएम मशीनों की सुरक्षा एवं पारदर्शिता से संबंधित सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। वहीं स्ट्रांग रूम के खोले जाने एवं बंद किए जाने तथा सीलिंग की कार्रवाई निर्धारित प्रोटोकॉल एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप की जाएगी। प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान जिले के नगरीय निकायों चूरू, सरदारशहर, सुजानगढ़, राजगढ़, तारानगर, साहवा, रतननगर, रतनगढ़, राजलदेसर, छापर व बीदासर के लिए निर्वाचनों हेतु ईवीएम मशीनों का आवंटन किया गया।



## दौसा के बाणें का बरखेड़ा स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला; विद्यार्थियों को हेलमेट-सीट बेल्ट के साथ CPR का दिया प्रशिक्षण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाणें का बरखेड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं जीवन दायिनी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जगदीश अमरावत के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। निरीक्षक धायल ने कहा कि सड़क दुर्घटना विधि का विधान नहीं, बल्कि कई मामलों में क्षणिक मानवीय भूल का परिणाम होती है। शिक्षित समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के अभाव में दुर्घटनाओं में जान जाना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अज्ञानता, लापरवाही और मानवीय भूल के कारण होने वाले कई हादसों को जागरूकता के जरिए रोका जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों को अपने जीवन में अपनाने और अपने माता-पिता, अभिभावकों एवं रिश्तेदारों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट दुर्घटना के समय जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। घर पर जरूरत के समय इस्तेमाल के लिए उच्च गुणवत्ता का एक अतिरिक्त हेलमेट रखने की भी अपील की। धायल ने कहा कि वाहन को सड़क पर उतारने से पहले उसकी भौतिक स्थिति की जांच कर लेनी चाहिए। टायरों में हवा का दबाव, नट-बोल्ट, इंजन ऑयल और पानी की जांच करने के बाद ही वाहन चलाएं। सड़क पर यातायात नियमों और संकेतकों का पालन करना भी जरूरी है। कार्यशाला में दुर्घटना और मेडिकल इमरजेंसी के दौरान उपयोगी टोल फ्री नंबरों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। धायल ने बताया कि दुर्घटना के बाद घायल को गोल्डन आवर में उपचार मिलने से उसकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किए गए प्रावधानों की जानकारी भी दी।





## राजस्थान में पात्र किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता अभियान

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। राजस्थान में पात्र किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण के प्रति जागरूक करने और टीकाकरण को लेकर व्यवहार परिवर्तन तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग सहयोग करेगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजस्थान, बीकानेर ने इस संबंध में सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयकों, समग्र शिक्षा को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि सेफगार्डिंग गर्ल्स फ्यूचर्स एच पीवी वैक्सीन अवेयरनेस पार्टनरशिप' प्रस्ताव के तहत प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण संबंधी जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जानी हैं।

## जन्माष्टमी पर्व एवं शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर आगामी 4 सितंबर (शुक्रवार) को जयपुर शहर के श्री गोविंददेवजी मंदिर, इस्कॉन मंदिर मानसरोवर, हरे कृष्ण मंदिर अक्षयपात्र जगतपुरा, अक्षरधाम मंदिर वैशालीनगर सहित अन्य मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 5 सितंबर को श्री गोविंददेवजी मंदिर से शाम 4 बजे शोभायात्रा रवाना होकर जलेबी चौक, सिरहड्योढ़ी बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यूगेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार एवं बगरूवालों के रास्ते होते हुए मंदिर श्री गोपीनाथ तक जाएगी।

जिला कलक्टर ने जन्माष्टमी पर्व एवं शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कलक्टर संदेश नायक ने पुलिस विभाग को सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था तथा शोभायात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नगर निगम जयपुर को मंदिरों एवं शोभायात्रा मार्ग की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग, अग्निशमन एवं अन्य नागरिक सुविधाएं, मंदिर परिसरों एवं मार्ग पर अतिक्रमण हटाने तथा आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने चिकित्सा विभाग को प्रमुख मंदिरों एवं शोभायात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस, चिकित्सकीय दल एवं आवश्यक चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करवाने, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, ढीले तारों के दुरुस्तीकरण तथा आवश्यकतानुसार नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था करने ,मंदिर प्रबंधन को श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकासी, सीसीटीवी, नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## भिवाड़ी में बिना लाइसेंस दवा कारोबार पर बड़ी कार्रवाई - करीब 4 करोड़ रुपये की दवाइयां और दवा बनाने का कच्चा सामान जब्त

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में बिना लाइसेंस दवाइयों का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने भिवाड़ी में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4 करोड़ रुपये कीमत की दवाइयां और दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया है। राठौड़ ने बताया कि विभाग को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर आयुक्तालय मुख्यालय जयपुर, अलवर और दौसा के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने स्ट्रेन हेल्थ केयर , भिवाड़ी के बिना लाइसेंस चल रहे गोदाम पर कार्रवाई की गई । यहां से करीब 1500 कार्टन दवाइयां और अन्य सामान जब्त किया गया। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि जांच के दौरान अलग-अलग कंपनियों की कई तरह की दवाइयां मिलीं। इनमें कंडोर हेल्थकेयर, लालरू(पंजाब) द्वारा निर्मित टेबलेट मेडिक्व -55 (डायक्लोफेनेक सोडियम 50 एमजी) एवं टेबलेट एरिक्वा, ओपल हेल्थकेयर, करनाल(हरियाणा) द्वारा निर्मित टेबलेट चका पैन एक्स्ट्रा, टेबलेट लेडीनेक्स एवं टेबलेट हाइग्रा 200, एलेक्सा फार्मास्युटिकल्स, बद्दी, डिस्ट्रिक्ट सोलन(हिमाचल प्रदेश) द्वारा निर्मित टेबलेट पिलप्रोफॉक्सिसिन -500 तथा यूनिशार्प ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, लालरू, एसएएस नगर (मोहाली ), पंजाब द्वारा निर्मित टेबलेट ऑक्सीपर प्लस सहित अन्य दवाइयां जब्त की गई। ये दवाइयां स्ट्रेन हेल्थ केयर, भिवाड़ी द्वारा बाजार में बेची जा रही थीं। उन्होंने बताया कि दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए 9 सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा गोदाम से दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, जिसमें टेपेंटाडॉल, प्रेगाबालिन और कोट्रीमोक्साजोल आदि शामिल हैं, पैकिंग का सामान और दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। मौके से एक्सपायर्ड सिल्डेनाफिल की गोलियां भी मिलीं। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि लोगों की सेहत से जुड़े मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दवाइयों की गुणवत्ता और उनकी सही तरीके से बिक्री सुनिश्चित करने के लिए बिना लाइसेंस दवा रखने, बनाने या बेचने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सभी जिलों में 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में मौसमी बीमारियों की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विभाग पूरी तरह अलर्ट है। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं स्क्रब टाइफस सहित स्वाइन फ्लू पर विशेष निगरानी रखते हुए सभी जिलों में 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय एवं क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम, त्वरित पहचान और समय पर उपचार के लिए फील्ड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रत्येक स्तर पर रैपिड रेस्पॉन्स टीमों का गठन कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आउटब्रेक की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इन गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ संवेदनशील एवं अधिक प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाए।



## मनोरंजन समाचार

## बादशाह से शादी टूटते ही ईशा रिखी ने मिटाई रिश्ते की हर झलक, एक-दूसरे को किया अनफॉलो



मशहूर रैपर और सिंगर बादशाह एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। ईशा रिखी के साथ उनके अलगाव की खबरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। यह खबर इसलिए भी ज्यादा चौंकाने वाली है क्योंकि ईशा रिखी ने महज पांच महीने पहले ही सोशल मीडिया पर अपनी शादी का आधिकारिक ऐलान किया था। अब इतने कम समय में दोनों के बीच आई दूरियों ने उनके फैंस को निराश कर दिया है। हाल ही में सामने आए घटनाक्रम में यह देखा गया कि बादशाह और ईशा रिखी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं, ईशा ने अपने प्रोफाइल से बादशाह से जुड़ी तमाम पुरानी तस्वीरें और पोस्ट भी हटा दी हैं। शादी के कुछ ही महीनों बाद दोनों के इस कदम ने उनके बीच के मतभेदों को सार्वजनिक कर दिया है, जिससे इंटरनेट पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। दोनों के बीच रिश्तों में आई दरार के संकेत जुलाई महीने में ही मिलने लगे थे, जब ईशा ने एक भावुक पोस्ट साझा किया था। उन्होंने अपने दिल का दर्द बयां करते हुए लिखा था कि कुछ लड़ाइयां ऐसी होती हैं जिनके कोई बाहरी निशान नहीं दिखते। उन्होंने आगे लिखा था कि लंबे समय तक वह डर के कारण चुप रहीं क्योंकि उन्हें लगता था कि उनके पति के पास बहुत ज्यादा प्रभाव, ताकत और संसाधन हैं। उनके लिए चुप्पी स्वीकार्यता नहीं, बल्कि खुद को संभालने का एक जरिया थी। इसके अलावा ईशा ने एक अन्य पोस्ट में वीडियो कोलाज भी शेयर किया था।

## हाथ में भाला और खून से लथपथ अवतार, रश्मिका मंदाना की एक्शन थ्रिलर 'मैसा' की रिलीज डेट का ऐलान



नेशनल क्रश के नाम से मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जल्द ही एक बेहद निडर और खूंखार अवतार में बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। उनकी बहुचर्चित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मैसा' को लेकर लंबे समय से बज बना हुआ था और अब मेकर्स ने इसकी आधिकारिक रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज की जाएगी। भारतीय सिनेमा में महिलाओं के नेतृत्व वाली पहली इतनी बड़ी पैन-इंडिया फिल्मों में से एक मानी जा रही 'मैसा' में रश्मिका का एक ऐसा रूप देखने को मिलेगा, जो दर्शकों ने इससे पहले कभी नहीं देखा है। फिल्म के मेकर्स ने एक नया पोस्ट शेयर करते हुए आधिकारिक तौर पर रिलीज डेट की घोषणा की है। इस पोस्टर में रश्मिका मंदाना का एक बेहद पावरफुल और प्रभावशाली रूप सामने आया है। निर्माताओं ने रश्मिका के किरदार का परिचय देते हुए लिखा कि वह स्वभाव से बेहद सहनशील, अपनी पसंद से निडर और आत्मा से अटूट हैं। मेकर्स ने दर्शकों को रश्मिका के इस अनदेखे अवतार का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। इस घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर फैंस के बीच फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सामने आए पोस्टर में रश्मिका हाथ में भाला लिए नजर आ रही हैं, उन्हें खून से लथपथ पावरफुल अंदाज में आप देख सकते हैं। फिल्म 'मैसा' को एक हाई-ऑक्टेन और इमोशनल एक्शन थ्रिलर के रूप में तैयार किया जा रहा है। कहानी की पृष्ठभूमि आदिवासी इलाकों और उनकी सांस्कृतिक जड़ों पर आधारित है। मेकर्स के अनुसार, यह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं होगी, बल्कि इसमें एक बेहद मजबूत और दिल को छू लेने वाली कहानी भी होगी। फिल्म का विजुअल प्रेजेंटेशन और सिनेमाटोग्राफी दर्शकों को एक अलग ही दुनिया में ले जाने का वादा करती है।

## 'न शक्ल जानता हूं, न काम', रणबीर कपूर और रणवीर सिंह को लेकर अन्नू कपूर का अटपटा बयान



बॉलीवुड में दशकों से अपनी अदाकारी का लोहा मनवाने वाले वरिष्ठ अभिनेता अन्नू कपूर अक्सर अपने बेबाक बयानों और स्पष्टवादी रवैये के लिए जाने जाते हैं।

अपनी एक्टिंग के साथ-साथ कई मुद्दों पर खुलकर बोलने वाले अन्नू कपूर ने हाल ही में समकालीन बॉलीवुड और आज के दौर के लोकप्रिय सितारों पर एक बयान दिया है, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है।

उन्होंने साफ तौर पर स्वीकार किया है कि वह आज की पीढ़ी के प्रमुख अभिनेताओं, जैसे रणबीर कपूर, रणवीर सिंह और सिद्धार्थ मल्होत्रा के काम से बिल्कुल भी वाकिफ नहीं हैं और न ही उनके अभिनय को कभी गंभीरता से देखा है।

# कौन हैं 'हनुमान अंश' एक्ट्रेस पूर्णिमा तिवारी? नीम करोली बाबा की पत्नी के रोल से चमकी किस्मत

कभी-कभी सिनेमाई पर्दे पर एक ऐसी खामोश क्रांति आती है, जो बॉक्स ऑफिस के पुराने समीकरणों को पूरी तरह हिलाकर रख देती है। साल 2026 की सबसे अप्रत्याशित और चमत्कारी ब्लॉकबस्टर बनकर उभरी फिल्म 'हनुमान अंश' ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। महज 2 करोड़ रुपये के सीमित बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 53 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर हर किसी को हैरान कर दिया है। जहां इस आध्यात्मिक यात्रा में शोभिनव सत्या ने नीम करौली बाबा के केंद्रीय किरदार में जान फूंक दी है, वहीं फिल्म की अनकही रीढ़ बनकर उभरी हैं अभिनेत्री पूर्णिमा तिवारी। बाबा नीम करौली की धर्मपत्नी 'रामबेटी शर्मा' के किरदार में पूर्णिमा की सादगी और अभिनय की गहराई ने दर्शकों के दिलों को गहराई से छू लिया है। विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता का एक बड़ा हिस्सा पूर्णिमा तिवारी के ट्रांसफॉर्मेशन को जाता है। असल जिंदगी और सोशल मीडिया पर



बेहद मॉडर्न और ग्लैमरस अंदाज में नजर आने वाली पूर्णिमा जब पर्दे पर 50 के दशक की एक सादगी से भरी महिला के रूप में सामने आईं तो दर्शक पहचान ही नहीं पाए। अपने इस ऑन-स्क्रीन अवतार के लिए उन्होंने अपनी न सिर्फ अपनी चाल-ढाल बदली बल्कि उन्होंने इस किरदार को पूरी तरह से अपने जीवन में उतार लिया, यही वजह रही कि वो पर्दे पर वैसे ही निखर कर आईं, जैसे निर्देशक उन्हें देखना चाहते थे। साधारण सूती साड़ियां, आंखों में सादगी और चेहरे पर एक गृहिणी की गरिमा लिए पूर्णिमा ने रामबेटी के रूप को जिस निष्ठा से जीया है, उसकी चारों तरफ तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया पर उनके ग्लैमरस अंदाज और फिल्म के सिंपल लुक के बीच की तुलना लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। 'हनुमान अंश' केवल नीम करौली बाबा के सिद्धियों और आध्यात्मिक चमत्कारों का लेखा-जोखा नहीं है। यह कहानी उनके उस दौर को भी सामने लाती है, जब वे वैराग्य और संसार के बीच झूल रहे थे। पूर्णिमा तिवारी का किरदार 'रामबेटी शर्मा' इस पूरी यात्रा को एक बेहद भावुक और मानवीय आयाम प्रदान करता है। फिल्म में रामबेटी का पात्र उस दौर का गवाह बनता है जब नीम करोली बाबा गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों से बंधे थे। एक पत्नी के दृष्टिकोण से एक साधारण व्यक्ति के 'महाराज जी' बनने की इस प्रक्रिया को पूर्णिमा ने संवेदनशीलता के साथ व्यक्त किया है। पूर्णिमा तिवारी के लिए 'हनुमान अंश' की सफलता कोई रातों-रात मिला उपहार नहीं है, बल्कि यह उनकी सालों की मेहनत का फल है। इससे पहले वे भारतीय टेलीविजन, ओटीटी वेब सीरीज और हिंदी सिनेमा के कई प्रोजेक्ट्स में अपनी अदाकारी का हुनर दिखा चुकी हैं। हालांकि जो मुकाम और वैश्विक पहचान उन्हें 'हनुमान अंश' ने दिलाई है, उसने उनके करियर को एक बिल्कुल नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। 'हनुमान अंश' की बॉक्स ऑफिस यात्रा किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है।

# सिंह वर्सेस कौर 2 में कैसा रहा बंगाली किरदार निभाने का अनुभव, शहनाज गिल ने कही दिल की बात

अभिनेत्री शहनाज गिल इन दिनों अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म सिंह वर्सेस कौर 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस बार वह पर्दे पर एक बंगाली महिला के किरदार में नजर आएंगी। शहनाज ने अपने किरदार, बंगाली भाषा सीखने की मुश्किलों, गिप्पी ग्रेवाल के साथ काम करने के अनुभव और फिल्म की कहानी को लेकर खुलकर बात की। शहनाज गिल ने कहा कि फिल्म का ट्रेलर जितना मसालेदार दिखाई दे रहा है। फिल्म में उससे कहीं ज्यादा देखने को मिलेगा। शहनाज ने कहा, सिंह वर्सेस कौर 2 में मेरा किरदार काफी दिलचस्प है। मैं एक बंगाली महिला का रोल निभा रही हूं और इस किरदार को करने में मुझे काफी मजा आया। यह मेरे लिए आसान नहीं था। खुद पंजाबी होने की वजह से बंगाली भाषा बोलना मेरे लिए एक नई चुनौती थी। टीम ने इस किरदार के लिए मेरी काफी मदद की और भाषा सिखाने के लिए टीचर्स भी रखे। मैं अपनी लाइनें दिमाग में पंजाबी में याद करती थी, लेकिन कैमरे के सामने मुझे बंगाली में बोलना होता था। मेरे लिए यह प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण जरूर थी, लेकिन साथ ही काफी मजेदार भी रही। उन्होंने कहा, फिल्म में कोलकाता को खूबसूरती से दिखाया गया है। इस फिल्म में कॉमेडी, रोमांस, एक्शन और इमोशन्स का अच्छा मेल देखने को मिलेगा। ट्रेलर में दर्शकों ने अभी जितना देखा है, फिल्म में उससे कहीं ज्यादा मसाला मौजूद है। गिप्पी ग्रेवाल के साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी शहनाज ने कहा, गिप्पी फन लविंग और केयरिंग हैं और वह एक अच्छे होस्ट भी हैं। सेट पर मैं गिप्पी को लगातार नोटिस करती रहती थी। मुझे लगता था कि उन्हें कई चीजों की अच्छी नॉलेज है। मैं अपने करियर में आगे गिप्पी के साथ काम करना चाहूंगी। हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने को लेकर शहनाज ने कहा, इसमें एक तरह की चुनौती जरूर होती है। फिल्म के पहले पार्ट में जसमीत कौर का किरदार किसी और एक्ट्रेस ने निभाया था, जबकि इस बार वही किरदार मैं निभा रही हूं, लेकिन मैंने इस भूमिका को किसी दबाव में नहीं किया। मेरा मानना है कि नए कलाकार के निभाए किरदार की तुलना पिछली फिल्म के किरदार से करना सही नहीं होगा, क्योंकि हर कलाकार अपने तरीके से काम करता है। मुझे भरोसा है कि जब दर्शक फिल्म में मुझे जसमीत कौर वाले किरदार में देखेंगे तो उन्हें मेरा काम जरूर पसंद आएगा। मुंबई और पंजाब के बीच अपने करियर को मैनेज करने के सवाल पर शहनाज ने कहा, दोनों जगह से मुझे अलग-अलग तरह की खुशी मिलती है। मुंबई जाने पर मुझे अपने ऊपर गर्व महसूस होता है, क्योंकि मैंने अपनी मेहनत और खून-पसीने से वहां अपना घर बनाया है। वहीं पंजाब पहुंचने पर मुझे सुकून मिलता है कि मैं अपने घर वापस आ गई हूं। मेरे लिए कहीं भी बोरिंग नहीं होता। दोनों जगहों से मेरा एक अलग रिश्ता है। मैं अपने करियर और निजी जिंदगी के इस संतुलन को सहज तरीके से देखती हूं। शहनाज गिल ने कहा, मैं पहले से ही सिंह वर्सेस कौर की फैन रही हूं। मैंने पहले ही कहा था कि अगर फिल्म का दूसरा पार्ट बनता है तो मैं उसमें जरूर काम करना चाहूंगी। दिलचस्प बात यह है कि मैं किसी से यह बात कह ही रही थी कि मुझे फिल्म का हिस्सा बनना है और करीब एक महीने बाद ही फिल्म की स्क्रिप्ट मेरे पास आ गई। मेरे लिए यह किसी संयोग से कम नहीं था। शहनाज ने कहा, किसी फिल्म को दर्शकों से जोड़ने के लिए कहानी और किरदार दोनों अच्छे होने चाहिए। अगर कहानी अच्छी है लेकिन किरदार में दम नहीं है तो दर्शक फिल्म को पूरी तरह एंजॉय नहीं कर पाएंगे। सिंह वर्सेस कौर 2 एक पंजाबी फिल्म है, जिसमें पहली बार शहनाज गिल और गिप्पी ग्रेवाल की जोड़ी पर्दे पर साथ दिखाई देगी। फिल्म का निर्देशन नवनीत सिंह ने किया है। फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल निहाल सिंह का किरदार निभा रहे हैं, जो एक देसी पंजाबी लड़का है और जिम्मेदारियों से बचने के लिए अक्सर बहाने बनाता रहता है, लेकिन कहानी आगे बढ़ने के साथ उसकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आता है। फिल्म को गिप्पी ग्रेवाल, रवनीत कौर ग्रेवाल, श्रीकांत मोहता और महेंद्र सोनी ने प्रोड्यूस किया है। इसकी कहानी गुरप्रीत सेहजी ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले कपिल चोपड़ा और गुरप्रीत सहजी ने तैयार किया है। डायलॉग्स चंचल डाबरा और गुरप्रीत सहजी ने लिखे हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिनमें रोमांटिक, देसी और भांगड़ा नंबर शामिल हैं। सिंह वर्सेस कौर 2 11 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## 'मुन्ना भैया' और रवि किशन संग थिरकीं सोनल चौहान, रिलीज से पहले 'मिर्जापुर: द मूवी' के हाई-वोल्टेज गाने 'घूम घूम' की धूम




ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपार सफलता और लोकप्रियता हासिल करने के बाद 'मिर्जापुर' की खूंखार और रोमांचक दुनिया अब बड़े पर्दे पर उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के बैनर तले बनी बहुचर्चित फिल्म 'मिर्जापुर: द मूवी' 4 सितंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। सेंसर बोर्ड से फिल्म को ए सर्टिफिकेट भी मिल गया है। फिल्म की ग्रैंड रिलीज में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त बचा है और दर्शकों के बीच उत्सुकता चरम पर है। इसी उत्साह को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का नया हाई-वोल्टेज पार्टी ट्रैक 'घूम घूम' जारी कर दिया है।

नए रिलीज हुए इस स्पेशल डांस नंबर में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान का बेहद ग्लैमरस और ऊर्जावान अवतार देखने को मिल रहा है। सोनल अपने सिजलिंग डांस स्टेप्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं।

उनका साथ दे रहे हैं फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता दिव्येंदु और रवि किशन, जो गाने में सोनल के साथ थिरकते हुए महफिल लूट रहे हैं। तीनों कलाकारों का यह अनोखा अंदाज और शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इस गाने को एक परफेक्ट कमर्शियल चार्टबस्टर बनाती है।

## भारत छोड़ दुबई शिफ्ट हुईं मंदना करीमी, फिर भी 6 साल से पीछा नहीं छोड़ रहा स्टॉकर, बोलीं- हैकर से करा रहा ट्रेस

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री और रियलिटी शो 'बिग बॉस' की एक्स कंटेस्टेंट मंदाना करीमी इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बेहद परेशान करने वाले दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने खुलासा किया है कि वे पिछले 6 सालों से लगातार साइबर बुलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और स्टॉकिंग का शिकार हो रही हैं। मंदाना के मुताबिक भारत छोड़कर दुबई चले जाने के बाद भी यह मानसिक प्रताड़ना बंद नहीं हुई है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई वीडियो और स्क्रीनशॉट साझा कर आरोपी की हरकतों को सार्वजनिक किया है और बताया है कि किस तरह एक अज्ञात शख्स उनका करियर और निजी जिंदगी बर्बाद करने की कोशिश में लगा हुआ है। मंदाना करीमी ने बताया कि यह पूरा मामला साल 2018 में उनके पूर्व पति और व्यवसायी गौरव गुप्ता से अलग होने के बाद शुरू हुआ था। तब से लेकर आज तक एक अज्ञात व्यक्ति उनका लगातार पीछा कर रहा है। यह व्यक्ति उनके पेशेवर दायरे से जुड़े लोगों, जैसे कि फिल्म निर्माताओं, सह-कलाकारों और करीबी दोस्तों से संपर्क साधता है। आरोपी उन्हें मंदाना के खिलाफ भड़काने के लिए झूठी और मानहानिकारक बातें लिखता है ताकि उनका करियर पूरी तरह ठप हो जाए। इतना ही नहीं, उस अज्ञात अकाउंट से कई बार लोगों से पैसों की मांग भी की गई है। मंदाना ने बेहद भावुक होकर कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि कोई उनसे इतनी नफरत क्यों करता है और उन्हें बेघर, बेरोजगार तथा अलग-थलग क्यों देखना चाहता है। अभिनेत्री ने इस सनसनीखेज मामले में एक और बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि कुछ साल पहले उन्होंने इस समस्या की गहराई तक जाने की कोशिश की थी। उन्होंने इस



स्टॉकर का पता लगाने के लिए एक निजी जांचकर्ता की मदद ली थी। जांच में जो बात सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया। जांचकर्ता ने मंदाना को सूचित किया था कि किसी शख्स ने उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स और गतिविधियों पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखने के लिए एक 'प्रोफेशनल हैकर' को पैसे दिए हैं। यह हैकर 'मीनाक्षी' नाम के एक फर्जी ईमेल आईडी के जरिए मंदाना के संपर्क में आने वाले हर मशहूर व्यक्ति को भ्रामक और विवादित संदेश भेजता है।

# सार समाचार

## सामने आई नेपाल के वायरल 'ग्रीन हाउस' की मालकिन, कहा- 'हम भाग्यशाली हैं कि बच गए'




त्रिशूली। नेपाल के त्रिशूली इलाके में 26 अगस्त को आई भीषण फ्लैश फ्लड ने घरों, दुकानों और वाहनों को बहा दिया। लेकिन लक्ष्मी पांडेय का हरे रंग का दो मंजिला घर इस तबाही के बीच सुरक्षित बच गया और उसका वीडियो वायरल हो गया। घर की मालकिन लक्ष्मी पांडेय ने कहा, 'हम खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि बच गए। यह हमारे लिए दूसरे जन्म जैसा है। बाढ़ का पानी घर में घुस गया था, इसलिए हम ऊपर की मंजिल पर चले गए थे। नेपाल में आए भूकंप के दौरान भी हमने बहुत तेज झटके महसूस किए थे और आसपास के कई घर गिर गए थे। तब भी पड़ोसियों ने हमें बचाया था।' त्रिशूली क्षेत्र में बाढ़ का पानी इतनी तेजी से आया कि देखते ही देखते घर, दुकानें, पुल और गाड़ियां बह गईं। लक्ष्मी पांडेय का मिंट-ग्रीन रंग का 2 मंजिला घर इस भारी तबाही के बीच लगभग जस का तस खड़ा रहा। सोशल मीडिया पर इस घर की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। घर के आसपास का नजारा हालांकि पूरी तरह बदल चुका है। कई इमारतें बह गई हैं, पुलों का नामोनिशान नहीं है और बड़ी संख्या में परिवार अपने घर और रोजी-रोटी छोड़कर दूसरी जगह जाने को मजबूर हुए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत का काम लगातार जारी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कई लोगों के लिए यह यकीन करना भी मुश्किल था कि इतनी बड़ी बाढ़ उनके इलाके तक पहुंच सकती है। स्थानीय निवासी फूलमाया लामा ने बताया कि जब तबाही की शुरुआत हुई तो वह घर पर थे और रोज की तरह अपना काम कर रहे थे।

## इमरान खान और पत्नी बुशरा को कोर्ट से बड़ी राहत, दोनों को एकांत कारावास में न रखने का आदेश



पाकिस्तान की एक हाई कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को लेकर बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने जेल प्राधिकारियों को मंगलवार को निर्देश दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एकांत कारावास में नहीं रखा जाए। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान (73) और उनकी पत्नी बुशरा बीबी इस समय रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। दोनों भ्रष्टाचार और इससे जुड़े मामलों में लंबी सजा काट रहे हैं। इस्लामाबाद हाई कोर्ट (IHC) के जज खादिम हुसैन सोमरो ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने इमरान खान और बुशरा बीबी को कथित तौर पर एकांत कारावास में रखे जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना। साथ ही, प्राधिकारियों को उनके बेटों से फोन पर बातचीत की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

## अमेरिका ने ईरान में घुसकर किया बड़ा हमला, IRGC पर अटैक, धमाके से दहला बंदर अब्बास और होर्मुज



अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने बताया कि अमेरिका ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) से जुड़े ठिकानों पर मंगलवार की रात हमले का एक नया दौर शुरू किया है। यह ताज़ा तनाव तब बढ़ा है जब ऐसी खबरें आ रही हैं कि ईरान ने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों की ओर एंटी-शिप मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज और बंदर अब्बास में तेज धमाके की आवाजें सुनाई दे रही हैं।CENTCOM ने X पर एक पोस्ट में कहा, "आज दोपहर 12 बजे (ET) अमेरिकी सेना ने ईरान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के ठिकानों पर हमले शुरू किए।" अमेरिकी मिलिट्री कमांड ने कहा कि ये हमले IRGC द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में कमर्शियल जहाजों और इलाके में तैनात अमेरिकी सैनिकों पर हाल ही में किए गए हमलों की कोशिशों के बाद किए गए हैं। अमेरिका का यह नया ऑपरेशन वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे टकराव में एक और तनावपूर्ण मोड़ है, जिसमें अमेरिकी सेना ने ईरान के अंदर हमले किए हैं। खबरों के मुताबिक, ईरानी मिसाइलों ने अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाया। जैसे ही अमेरिका ने नए हमले शुरू किए, खबरों के अनुसार ईरान की तरफ से ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों पर एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि मिसाइलों को बीच में ही रोक दिया गया, क्या उन्होंने किसी लक्ष्य को भेदा या उनसे कोई नुकसान हुआ।

## 'काम करते रहो, मैं बाहर देखता हूं', कहकर भाग गया चाइनीज सुपरवाइजर



नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ ने त्रिशूली-3A हाइड्रोपावर प्रोजक्ट को भी तबाह कर दिया। इस प्रोजेक्ट के टनल से बचकर बाहर निकले एक श्रमिक राज क्षेत्री ने वहां के भयावह हालात की आपबीती सुनाई है। क्षेत्री ने बताया कि बाढ़ के दौरान इस प्रोजेक्ट के टनल नंबर-3 में करीब 265 लोग काम कर रहे थे। उसने चीन के सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि अगर समय रहते कोशिश की जाती तो कई श्रमिकों को बचाया जा सकता था। त्रिशूली-3A हाइड्रोपावर में इंजीनियरिंग वर्क्स का ठेका चीन की पावर चाइना कॉरपोरेशन को मिला हुआ है और उसके सुपरवाइजरों की निगरानी में वहां काम किया जाता है। राज क्षेत्री ने बताया कि जिस वक्त सैलाब आया उस वक्त वे सुरंग के अंदर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आंधी-तूफान जैसा माहौल बन गया। उन्होंने वहां मौजूद चीनी सुपरवाइजर से कहा कि कुछ गड़बड़ है और बाहर निकलने की अनुमति मांगी। क्षेत्री का आरोप है कि सुपरवाइजर ने कहा कि तुमलोग काम जारी रखो मैं बाहर देखकर आता हूं। यह कहकर वह टनल से बाहर निकल गया और वापस नहीं आया। श्रमिक राज क्षेत्री ने बताया कि थोड़ी देर बाद टनल के ऊपर से मलबे के साथ एक बड़ा सैलाब आने लगा। खतरे को भांपते हुए वे अपने साथियों के साथ टनल के मुहाने की ओर भागे और वहां से बाहर निकलने में सफल रहे। राज क्षेत्र ने बताया कि उनके साथ कुल चार लोग टनल के मुहाने तक आए थे जिनमें से दो अभी-भी लापता हैं। राज का कहना है कि जिस वक्त खतरे को लेकर अगाह किया गया था अगर उसी वक्त सभी मजदूरों को टनल से बाहर निकलने के लिए कहा जाता तो कई जानें बचाई जा सकती थी। मदद के लिए हाथ बढ़ाने वाले लोगों को बचा नहीं पाने का दर्द बताते हुए उन्होंने कहा कि उस समय सवाल यह था कि अपनी जान बचाएं या दूसरों को बचाने की कोशिश करें। श्रमिक राज श्रेत्री ने बताया कि बाढ़ से बचने के लिए वे पहाड़ी पर जंगल में चले गए।

## बशर अल-असद सरकार में सीरिया बना रहा था न्यूक्लियर रिएक्टर, UN की रिपोर्ट में हुआ खुलासा



सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासनकाल में परमाणु रिएक्टर पर काम हो रहा था। UN की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्ता से बेदखल किए जा चुके पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की लीडरशिप में सीरिया, डेर अल-जोर में एक परमाणु रिएक्टर बना रहा था। सदस्य देशों को भेजी गई खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, UN के न्यूक्लियर वॉचडॉग के इंस्पेक्टर ने अगस्त में सीरिया में कई जगहों का दौरा किया और जांच-पड़ताल की, जिससे लंबे वक्त से शक के घेरे में रही न्यूक्लियर साइट के अस्तित्व की पुष्टि हुई। इस दौरे के बेस पर, इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी यानी IAEA ने रिपोर्ट दी कि वह "यह पता लगाने में कामयाबी रही है कि सीरिया के पूर्व अफसरों ने NPT सेफगार्ड्स एग्रीमेंट के अंतर्गत जरूरी न्यूक्लियर मैटेरियल, गतिविधियों और फैसिलिटी की जानकारी नहीं दी थी।"

इस जानकारी में डेर अल-जोर में बन रहा एक परमाणु रिएक्टर, एक फ्यूल फैब्रिकेशन प्लांट और बशर अल-असद के शासनकाल के दौरान फ्यूल स्टोर करने के लिए प्रयोग की गई एक और जगह शामिल थी। माना जा रहा है कि बशर अल-असद की सरकार में सीरिया ने एक बड़ा अघोषित न्यूक्लियर प्रोग्राम चलाया था, जिसमें पूर्वी डेर अल-जोर प्रांत में नॉर्थ कोरिया का बनाया गया एक न्यूक्लियर रिएक्टर भी शामिल था। हालांकि, बशर अल-असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद, नई सरकार ने IAEA इंस्पेक्टर्स को उन स्थानों पर जाने की इजाजत देने पर सहमति जताई, जिनके बारे में न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़े होने का शक था। कोर्ट ने असद के भाई माहेर को भी दोषी ठहराया था।

## अमेरिका ने फिर शुरू किए ईरानी ठिकानों पर हमले, शादी समारोह में 2 की मौत, ईरान ने भी दागी मिसाइलें




अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर से जंग शुरू हो गई है। अमेरिकी सेना ने तीन दिन में दूसरी बार ईरान में IRGC के कई ठिकानों पर हवाई हमला किया है। इसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल से अटैक किया। ईरान के लोरेस्तान प्रांत से बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च होने का वीडियो भी सामने आया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए अब तक सबसे बड़ा हमला किया गया जिसे जॉर्डन ने इंटरसेप्ट करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के लोरेस्तान और केरमानशाह में हमला किया है। दक्षिणी ईरान के बंदर अब्बास, कशम द्वीप, जास्क और सीरिक में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इसके अलावा, दक्षिण-पूर्वी चाबहार और कोनारक इलाकों में चार प्रोजेक्टाइल आ गिरे। दक्षिणी ईरान के सिरिक में शादी समारोह की जगह पर भी हमले का एक वीडियो सामने आया है। ईरान के अधिकारियों ने दावा किया कि उस हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों के बाद ईरान को धमकी भी दी है कि वो जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश न करें, वरना उसका अंजाम बहुत बुरा होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किया, "इस समय अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) के करीब ईरान के ठिकानों पर हमले कर रहा है। ये हमले काफी बड़े और जबरदस्त हैं। ये हमले ईरान की उन हरकतों का जवाब हैं जिनमें उन्होंने होर्मुज में समुद्री बारूदी सुरंगें (sea mines) बिछाने की नाकाम कोशिश की थी। वहां अब कोई सुरंग नहीं है-उन्हें पूरी तरह हटा दिया गया है या नष्ट कर दिया गया है। ईरान ने जॉर्डन में हमारे सैन्य अड्डे पर आठ मिसाइलें दागी थीं, जिन्हें सफलतापूर्वक गिरा दिया गया है। इसमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकानों पर हमला किया गया।

## पीएम मोदी ने किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं को भारतीय विरासत से जुड़े खास उपहार भेंट किए

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 26वीं बैठक में भाग लेने के लिए किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा उनके परिवार के सदस्यों को भारत की समृद्ध कला, संस्कृति, संगीत और हस्तशिल्प परंपरा से जुड़े विशेष उपहार भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और विद्वान बिबेक देबरॉय द्वारा अंग्रेजी में अनूदित महाभारत का 10 खंडों का संपूर्ण संस्करण भेंट किया। यह महाकाव्य धर्म, न्याय, कर्तव्य, नैतिकता और राज्यकला जैसे विषयों पर आधारित भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक धरोहर का प्रतीक है। इसे किर्गिस्तान के महाकाव्य 'मानस' से सांस्कृतिक समानता के रूप में भी प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा राष्ट्रपति को लद्दाख का पारंपरिक 'त्सुग-दुल' ऊनी कंबल भी भेंट किया गया। स्थानीय ऊन से तैयार यह कंबल रंग-बिरंगे ज्यामितीय और पुष्पीय डिजाइनों के लिए प्रसिद्ध है और लद्दाख की घुमंतू एवं पशुपालक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। यह किर्गिस्तान की पर्वतीय और खानाबदोश परंपराओं से भी जुड़ाव दर्शाता है। किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री को डोकरा कला से निर्मित पारंपरिक संगीतकारों की जोड़ी भेंट की गई। यह प्राचीन 'लॉस्ट-वैक्स' धातु ढलाई तकनीक से तैयार हस्तशिल्प भारतीय लोककला और संगीत परंपरा का प्रतीक है तथा दोनों देशों की लोक संगीत विरासत को जोड़ने वाला सांस्कृतिक संदेश देता है। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति को चंदन की लकड़ी से बनी शततंत्री वीणा (संतूर) भेंट की गई।

## 'सुरंगों में मिट्टी ऐसे भरी है जैसे ट्यूब के अंदर टूथपेस्ट', नेपाल में ड्रोन से लोगों को खोज रहे शख्स ने कहा



काठमांडू। नेपाल में पिछले हफ्ते आई विनाशकारी बाढ़ के बाद राहत और बचाव अभियान जारी है। इस अभियान में ड्रोन ने कई लोगों को खोजने में अहम मदद की है। ड्रोन पायलट मनीष महर्जन ने बताया कि उन्होंने पहाड़ी इलाकों में फंसे लोगों की तलाश के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि कई जगह ड्रोन में लगे स्पीकर से लोगों को आवाज लगाई गई और कुछ जगह संगीत भी बजाया गया, ताकि फंसे लोगों की ओर से कोई जवाब मिल सके। उन्होंने बताया कि यह तरीका कई जगह कारगर साबित हुआ। पेशे से फिल्म निर्माता मनीष महर्जन ने 26 अगस्त को आई अचानक बाढ़ के एक दिन बाद नेपाली सेना के बचाव अभियान में हिस्सा लिया। उनके मुताबिक, स्पीकर के जरिए लोगों को पुकारने और संगीत बजाने का तरीका कुछ जगहों पर काम आया और इससे फंसे लोगों की लोकेशन पता लगाने में मदद मिली। हालांकि, बिजली परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे सैकड़ों कर्मचारियों को खोजने की चुनौती बिल्कुल अलग है। यहां ड्रोन के जरिए तलाश करना भी बेहद मुश्किल हो रहा है। महर्जन ने बताया कि कई सुरंगों में मिट्टी इस तरह भर गई है, जैसे किसी ट्यूब के अंदर टूथपेस्ट पूरी तरह भर गया हो। यानी सुरंगों के अंदर खाली जगह ही नहीं बची है, जहां कोई व्यक्ति जिंदा फंसा हो या ड्रोन आसानी से आगे बढ़ सके। ड्रोन पायलट के मुताबिक, वह सुरंगों के अंदर थर्मल ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये ड्रोन गर्मी के आधार पर किसी इंसान या दूसरी चीज की मौजूदगी का पता लगाने में मदद कर सकते हैं। मनीष ने बताया कि सुरंगों का रास्ता अगर सीधा और लंबा हो, तभी ड्रोन को अंदर उड़ाना आसान है, और जहां कहीं भी मोड़ वगैरह आता है तो मुश्किल पेश आती है। बता दें कि 26 अगस्त की बाढ़ एक ग्लेशियर के ढहने के बाद अचानक आई पानी की तेज धार के कारण आई थी। इसने नेपाल और तिब्बत में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। बाढ़ में सड़कें, इमारतें, पुल और जलविद्युत परियोजनाओं समेत जरूरी बुनियादी ढांचा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। यह आपदा तेजी से गर्म हो रहे हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते खतरों का एक और संकेत मानी जा रही है। बाढ़ में अब तक एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग अब भी लापता हैं। जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले लोगों की तलाश बचाव अभियान का एक बड़ा केंद्र बन गई है। करीब 12 हाइड्रोपावर परियोजनाओं से 900 कर्मचारी अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

## नेपाल : नेशनल असेंबली में भोटेकोशी बाढ़ पर विशेष प्रस्ताव पारित

काठमांडू । नेपाल-तिब्बत सीमा पर अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा को सात दिन बीत चुके हैं। नेपाल की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक अब तक 1003 शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं 4 हजार से ज्यादा लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच देश की नेशनल असेंबली ने भोटेकोशी बाढ़ पर विशेष प्रस्ताव पारित किया है। नेशनल असेंबली के स्पीकर नारायण प्रसाद दहल ने मंगलवार की बैठक में भोटेकोशी बाढ़ के संबंध में एक विशेष प्रस्ताव पेश किया। असेंबली ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। विशेष प्रस्ताव में रसुवा में भोटेकोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण जान-माल के नुकसान को दुखद बताते हुए मृतकजनों और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए कहा '"इस प्रस्ताव के माध्यम से नेपाल सरकार से अनुरोध है कि वह बचाव, राहत, पुनर्वास, लापता लोगों की खोज, घायलों के मुफ्त इलाज, शवों के वैज्ञानिक प्रबंधन और भौतिक संरचनाओं के पुनर्निर्माण पर विशेष ध्यान दे। साथ ही, सभी स्तरों की सरकारों के बीच समन्वय और स्थानीय समुदाय, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र, विकास भागीदारों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सहित सभी के सहयोग और समन्वय को सुनिश्चित करे, ताकि राष्ट्रीय एकता बनी रहे और आपदा प्रबंधन तथा भविष्य में आपदा जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी उपाय अपनाए जा सकें।" मंगलवार को नेशनल असेंबली की बैठक में उन्होंने कहा, 'हमें जहर दिया गया है। हमें दूसरों के विकास की वजह से तबाही झेलनी पड़ रही है।


## नेपाल में फिर बड़ी आपदा का अलर्ट! छोचेन नदी के पास हिमखंड टूटने का खतरा, चीन ने दी चेतावनी



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ से भीषण तबाही मची है। इस बीच एक और बड़े खतरे ने चिंता बढ़ा दी है। नेपाल के छोचेन नदी में बने इम्पैक्ट क्रेटर के आसपास मौजूद हिम चट्टानों के अब भी टूटने का खतरा बना हुआ है। इससे बड़ी संभावित आपदा का खतरा पैदा हो सकता है। नेपाल में रहे चीनी दूतावास के तरफ से यह जानकारी नेपाल के साथ साझा की गई है। चीनी सरकारी मीडिया सीसीटीवी न्यूज़ ने चीन के जलस्रोत मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को यह रिपोर्ट भी प्रकाशित की। सीसीटीवी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के ग्यिरोंग (केरुंग) काउंटी में आई मलबे वाली बाढ़ से जुड़े सभी संभावित जोखिमों का लगातार आकलन करने के लिए चीन का जल संसाधन मंत्रालय परामर्श और निगरानी जारी रखे हुए है। हाल में रिमोट-सेंसिंग तस्वीरों के तुलनात्मक विश्लेषण में पाया गया कि ग्यिरोंग त्सांगपो नदी बेसिन में पहले से चिन्हित 14 हिमतालों के जलस्तर वाले क्षेत्रों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है। ये सभी झीलें फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं। मंगलवार सुबह नेपाली समयानुसार 5:45 बजे लिए गए ड्रोन चित्रों के आधार पर, नेपाल के छोचेन नदी में बने इम्पैक्ट क्रेटर में जमा अधिकांश पानी बहकर निकल चुका है। इसके बाद निचले तटीय क्षेत्रों में नदी का बहाव सामान्य स्थिति में है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि इम्पैक्ट क्रेटर के आसपास अभी भी हिम नद या बड़े हिमखंडों के टूटने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में इन हिमखंडों के अचानक टूटने से आगे भी गंभीर खतरा पैदा होने की आशंका बनी हुई है। सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

# खेल समाचार

## इंग्लैंड महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ दर्ज की रिकॉर्ड जीत, वनडे में किया अपना सबसे बड़ा रन चेज




महिला वनडे फॉर्मेट में इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने एक सितंबर को लीसेस्टर के मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ घर पर तीन मैचों की द्विपक्षीय वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जिसमें वह अपने वनडे इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज करने में कामयाब रही। आयरलैंड की टीम ने सीरीज के इस पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए थे, जिसमें इंग्लैंड महिला टीम ने इस टारगेट का पीछा सिर्फ 38.1 ओवर्स में 4 विकेट के नुकसान पर कर लिया। इंग्लैंड को इस ऐतिहासिक जीत दिलाने में उनकी ओपनिंग बल्लेबाज माया बाउचियर ने अहम भूमिका निभाई जिन्होंने 104 रनों की शानदार पारी खेली तो वहीं इसके अलावा सोफिया डंकले के बल्ले से 73 रनों की पारी देखने को मिली। इंग्लैंड महिला टीम का इससे पहले वनडे फॉर्मेट में सबसे बड़ा रन चेज 267 रनों का था जब उन्होंने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ ब्रिस्टल के मैदान पर खेले गए मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की थी। वहीं कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन के नेतृत्व में उन्होंने अपने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। महिला वनडे फॉर्मेट में रन चेज के मामले में यह अब तक की 7वीं सबसे बड़ी जीत है, जिसमें इस लिस्ट में पहले नंबर पर न्यूजीलैंड महिला टीम है जिन्होंने साल 2026 में ही साउथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ 347 रनों के टारगेट का सफलतापूर्वक पीछा किया था।

न्यूजीलैंड महिला टीम - 347 रनों का टारगेट बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला (साल 2026, वेलिंग्टन)

भारतीय महिला टीम - 339 रनों का टारगेट बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला टीम (साल 2026, नवी मुंबई)

ऑस्ट्रेलिया महिला टीम - 331 रनों का टारगेट बनाम भारतीय महिला टीम (साल 2025, विशाखापट्टनम)

श्रीलंका महिला टीम - 302 रनों का टारगेट बनाम साउथ अफ्रीका महिला टीम (साल 2024, पोचफोस्ट्रेम)

ऑस्ट्रेलिया महिला टीम - 289 रनों का टारगेट बनाम न्यूजीलैंड महिला टीम (साल 2012, नॉर्थ सिडनी)

ऑस्ट्रेलिया महिला टीम - 283 रनों का टारगेट बनाम भारतीय महिला टीम (साल 2023, मुंबई)

इंग्लैंड महिला टीम - 282 रनों का टारगेट बनाम आयरलैंड महिला टीम (साल 2026, लीसेस्टर)

आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ इंग्लैंड की तरफ से पहले वनडे में टॉप ऑर्डर में बदलाव देखने को मिला जिसमें हीथर नाइट टैमी ब्यूमोंट के रिटायरमेंट के बाद और इस एमी जोन्स को इस सीरीज से आराम दिए जाने के फैसले के बाद काफी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। युवा ओपनिंग बल्लेबाज माया बाउचियर ने अपनी 104 रनों की पारी के दौरान 95 गेंदों का सामना किया जिसमें वह 11 चौके लगाने में कामयाब रही। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज एलिस केप्सी के बल्ले से भी 40 गेंदों में 41 रनों नाबाद पारी देखने को मिली जिसमें वह टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाकर ही वापस लौटी।

अब दोनों टीमों के बीच में इस सीरीज का दूसरा मुकाबला डर्बी के मैदान पर तीन सितंबर को खेला जाएगा। उन्होंने सोफिया डंकले के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड के लिए लक्ष्य काफी आसान हो गया।

## 'यादों के लिए धन्यवाद', जय शाह ने लियोनेल मेसी को शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए शुभकामना दी




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार को अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी है। शाह ने सोशल मीडिया पर अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान की प्रशंसा की और पिछले साल लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ मेसी के भारत आने पर हुई मुलाकात को याद किया। शाह ने एक्स पर मेसी को इंडियन क्रिकेट की जर्सी गिफ्ट करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, "एक युग को तय करने वाला अंतरराष्ट्रीय सफर खत्म हुआ। भारत के आपके ऐतिहासिक दौरे के दौरान हमारी मुलाकात को याद करते हुए, आपकी गहरी विनम्रता उतनी ही उभरकर सामने आई जितनी पिच पर आपकी बेजोड़ प्रतिभा।" उन्होंने लिखा, "आपको निजी तौर पर हमारे राष्ट्रीय रंग में जर्सी गिफ्ट करना एक गर्व का पल था। यादों के लिए धन्यवाद, लियो मेसी। जीवन के अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं।" मेसी ने सोमवार को इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास की की घोषणा की। मेसी ने अपने बयान में लिखा, "समय कम होता जा रहा है, चैप्टर खत्म हो रहे हैं, और यह एक ऐसा चैप्टर है जिससे मुझे बहुत दुख हुआ है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना पसंद है, रहा है और हमेशा पसंद रहेगा।" उन्होंने आगे कहा, "मैंने अपना सब कुछ दे दिया है, मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है, और इसके अलावा, मेरे पीछे कुछ बहुत अच्छे युवा खिलाड़ी आ रहे हैं जो अपने मौके के हकदार हैं।" मेसी ने कहा कि उन्होंने अपना संन्यास संदेश 21 जुलाई, फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में उनकी टीम के स्पेन से हारने के दो दिन बाद लिखा था। अर्जेंटीना के इस आइकॉन ने 2022 में फीफा विश्व कप का खिताब दिलाकर खिताब के लंबे इंतजार को समाप्त किया था। उन्होंने कहा, "पिछले 20 सालों में मिले सभी प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आपको पिच से सुनना बहुत मिस करूंगा।" मेसी ने लिखा, "अब मैं आप में से एक रहूंगा, हमेशा साइडलाइन से चीयर करता रहूंगा और सपोर्ट करता रहूंगा।"

## जिम्बाब्वे दौरे के बाद से कितनी बदल गई टीम इंडिया? 8 खिलाड़ी हो गए बाहर

भारतीय टीम 13 सितंबर से अफगानिस्तान के खिलाफ T20I सीरीज में एक्शन में नजर आएगी। इससे पहले टीम इंडिया जुलाई में जिम्बाब्वे की धरती पर T20I सीरीज खेलती नजर आई थी। जिम्बाब्वे दौरे पर युवा और नए चेहरों को मौका देने के बाद टीम इंडिया ने एक बार फिर अपनी रणनीति बदल दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने होने वाली तीन मैचों की T20I सीरीज के लिए सिलेक्टर्स ने मजबूत टीम चुनी है, जिसमें संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे पर टीम का हिस्सा रहे 8 खिलाड़ियों को इस बार बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे दौरे पर कई युवा खिलाड़ियों को आजमाया था। हालांकि, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए सिलेक्टर्स ने फिर से अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है।

इस टीम में सबसे ज्यादा चर्चा संजू सैमसन की वापसी की हो रही है। जिम्बाब्वे दौरे के लिए उन्हें नहीं चुना गया था। उस समय खबरें आई थीं कि उन्हें आराम दिया गया है, लेकिन उनके चयन से बाहर होने पर कई सवाल भी उठे थे। अब सैमसन की वापसी के साथ भारतीय टीम के सामने ओपनिंग को लेकर मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

## टीम इंडिया में फिटनेस को लेकर BCCI सख्त, अब खिलाड़ियों को फिट घोषित करने से पहले होगा डबल चेक



भारतीय क्रिकेट में अब किसी खिलाड़ी को फिट घोषित करना इतना आसान नहीं होगा। बार-बार फिटनेस के कारण टीम से बाहर होने वाले खिलाड़ियों के मामलों से सबक लेते हुए BCCI, सिलेक्शन कमेटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानी CoE ने फिटनेस को लेकर अपना रवैया और सख्त कर लिया है। अब किसी खिलाड़ी को इंटरनेशनल सीरीज के लिए उपलब्ध बताने से पहले उसकी फिटनेस को लेकर पूरी तरह आश्वस्त होने की कोशिश की जाएगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, नई नीति का मकसद उन हालात से बचना है, जब किसी खिलाड़ी को टीम में चुनने के कुछ दिन बाद ही वह अनफिट होकर बाहर हो जाए। BCCI से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, बोर्ड अब किसी खिलाड़ी की उपलब्धता को लेकर केवल 100 नहीं, बल्कि 200 प्रतिशत तक भरोसा करना चाहता है। इस बदलाव के पीछे तेज गेंदबाज हर्षित राणा का मामला बड़ा उदाहरण है। करीब पांच महीने बाद जून में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए उनकी टीम में वापसी हुई थी, लेकिन दो सप्ताह के भीतर ही वह चोटिल होकर बाहर हो गए। उन्हें इंग्लैंड दौरे से वापस भेजना पड़ा और उनकी जगह प्रिंस यादव को टीम में शामिल किया गया। जिम्बाब्वे दौरे पर वरुण चक्रवर्ती की जगह रवि बिश्नोई को शामिल किया गया था।

## 22वां वी.वी. डे रोजारियो सिक्स-ए-साइड सॉकर टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन दिखे रोमांचक मुकाबले



चंडीगढ़। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंडीगढ़ में प्रतिष्ठित "22वें वी.वी. डे रोजारियो सिक्स-ए-साइड सॉकर टूर्नामेंट" का शानदार आगाज हुआ। नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में ट्रिसिटी क्षेत्र के 28 शीर्ष स्कूलों की टीमें अंडर-14 और अंडर-18 आयु वर्ग में खिताब के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। पहले दिन के मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर जबर्दस्त कौशल और आक्रामकता का प्रदर्शन किया। सेंट जोसेफ, चंडीगढ़ बनाम शिशु निकेतन-22ः सेंट जोसेफ ने 5-1 से एकतरफा जीत दर्ज की। विजेता टीम के लिए गर्वित (7', 21') और सिद्धार्थ (23', 26') ने दो-दो तथा तपशनूर (18') ने एक गोल किया। शिशु निकेतन से एकमात्र गोल अभिनव (8') ने दागा। सेंट जेवियर्स, चंडीगढ़ बनाम सेंट मैरी, चंडीगढ़ः सेंट जेवियर्स ने 3-0 से जीत हासिल की। विनय ने दो गोल (5', 27') और वंश ने एक गोल (15') किया। द ट्रिब्यून, चंडीगढ़ बनाम GNPS-36ः द ट्रिब्यून ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। अक्षित (15', 27') और अमृतपाल (22', 24') ने दो-दो तथा रियांश (28') ने एक गोल किया। भवन विद्यालय-33 बनाम डीपीएस, चंडीगढ़ः भवन विद्यालय 3-0 से विजयी रहा। चनराज (9'), पराक्रम (28') और समक्ष (30') ने गोल दागे। जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल-44 बनाम सेंट मैरी-46ः मेजबान स्कूल ने 6-0 से एकतरफा जीत हासिल की।

कुणाल गोसाईं ने शानदार हैट्रिक (14', 18', 20') जमाई, जबकि बीरप्रताप (11') और युवराज (15') ने भी गोल किए। गुरु नानक पब्लिक स्कूल-36 बनाम सेंट ऐन्स-32ः बेहद रोमांचक मुकाबले में GNPS ने सेंट ऐन्स को 5-3 से हराया। विजेता टीम के आहम ने बेहतरीन हैट्रिक (12', 19', 27') लगाई और हरमन ने दो गोल (3', 30') किए। सेंट ऐन्स की ओर से तनीष (15'), सुरदीप (25') और ऋषभ (29') ने स्कोर किया।

## सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 6 विकेट से मात देकर फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली क्वींस के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल 5 में से 4 मैच जीतकर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स (0.581 नेट रन रेट) दूसरे स्थान पर है, जबकि साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (1.818 नेट रन रेट) ने भी 5 में से 4 ही मैच जीते हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते यह टीम शीर्ष पायदान पर है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस और ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 5 में से 1 मैच जीता है। ये दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं। हालांकि, सभी चारों टीम 1 सितंबर को अपने अंतिम लीग मैच खेलेंगी, जिसके बाद 2 सितंबर को खेले जाने वाले फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से होगा। रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस ने 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए। इस टीम ने 4 के स्कोर पर दीक्षा शर्मा (2) का विकेट गंवा दिया था।

## यूएस ओपनः नाओमी ओसाका ने जखारोवा को हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई



न्यूयॉर्क। नाओमी ओसाका ने आर्थर ऐश स्टेडियम में अनास्तासिया जखारोवा पर सीधे सेटों में जीत के साथ तीसरे यूएस ओपन क्राउन के लिए अपने सफर का आगाज किया। दुनिया की पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी को दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की करने से पहले दो निर्णायक टाईब्रेक में जाना पड़ा। 2018 और 2020 की चैंपियन ओसाका, बढ़त बनाने के बाद दोनों सेटों में नियंत्रण में दिखीं। वह पहले सेट में 5-2 और दूसरे सेट में 5-3 से आगे थीं। ओसाका ने धैर्य बनाए रखा, मोमेंटम स्विंग्स को बचाने के बाद पहला ब्रेकर 8-6 से जीता और फिर दूसरा 7-3 से जीतकर मैच दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में खत्म कर दिया। इस नतीजे ने ओसाका के शानदार ग्रैंड स्लैम सीजन को भी आगे बढ़ाया। यह 2026 में उनकी 10वीं बड़ी जीत थी, जिससे चारों ग्रैंड स्लैम में उनका रिकॉर्ड 10-2 हो गया। 2019 के बाद से वह किसी सीजन में बड़ी जीत के लिए डबल डिजिट तक नहीं पहुंची थीं, जब उन्होंने 12 जीत हासिल की थीं। ओसाका की सर्व उनकी जीत का एक और अहम कारण थी। उन्होंने 11 एस मारे, जिसमें एक मैच पॉइंट पर था, जिसमें से 10 दूसरे सेट में आए। उनके सीजन का टैली अब 208 एस तक पहुंच गया है, जिससे वह 2026 में कम से कम 200 रिकॉर्ड करने वाली सिर्फ नौवीं खिलाड़ी बन गई हैं।

यह जीत इस साल हार्ड कोर्ट पर ओसाका की 11वीं जीत भी थी, जिसमें वाशिंगटन, डी.सी. और टोरंटो में क्रमशः सेमीफाइनल और क्वार्टरफाइनल में उनकी मौजूदगी शामिल है। यूएस ओपन के पहले राउंड में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया, जिसमें उनकी अकेली हार 2022 में डेनियल कॉलिन्स से हुई थी। कुल मिलाकर, ओसाका ने 79 ग्रैंड स्लैम मैच जीते हैं।

## यूएस ओपनः रोजर फेडरर हॉल ऑफ फेम में शामिल, किम क्लिस्टर्स सौंपी रिंग



न्यूयॉर्क। रोजर फेडरर को यूएस ओपन हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। दुनिया के पूर्व नंबर 1 स्विट्जरलैंड के फेडरर को न्यूपोर्ट में फॉर्मल तौर पर शामिल होने के दो दिन बाद आर्थर ऐश स्टेडियम में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम रिंग मिली। 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन इस मौके पर खेल के सबसे बड़े स्टेज में से एक पर लौटे, जिसमें पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किम क्लिस्टर्स, इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम की को-प्रेसिडेंट और 2017 में शामिल खिलाड़ी, ने उन्हें भरे हुए स्टेडियम में रिंग दी। फेडरर ने सम्मान दिखाने के लिए अपना हाथ ऊपर उठाया। एटीपी के हवाले से फेडरर ने कहा, "न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत खुशी हुई। यह ट्रिप, पिछले मंगलवार को यहां लेजेंड्स के साथ खेलना, न्यूयॉर्क में हमेशा मेरा साथ देने वाले हर किसी को धन्यवाद देने का मौका मिलना, यह सब अविश्वसनीय रहा है। इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल होने से मुझे उन सभी शानदार लोगों को याद करने का मौका मिला जिन्होंने इस सफर में मेरी मदद की।" न्यूयॉर्क की उनकी यात्रा में पिछले सप्ताह एटीपी नंबर 1 क्लब के सदस्यों की एक एग्जीबिशन के दौरान कोर्ट पर वापसी भी शामिल थी।

## पाकिस्तान टेस्ट टीम में भूचाल के बाद मिस्बाह-उल-हक का सिलेक्टर पद से इस्तीफा



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद मचे बवाल के बीच अब पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक ने नेशनल सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। टेस्ट टीम में बड़े बदलाव किए जाने के एक दिन बाद मिस्बाह का यह फैसला सामने आया है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया है या नहीं। मिस्बाह ने सिलेक्शन कमेटी के पद के साथ-साथ लाहौर स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी सलाहकार की जिम्मेदारी छोड़ने का भी फैसला किया है। वह PCB के साथ 180 दिन सालाना वाले अनुबंध पर बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में जुड़े हुए थे। दरअसल, पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में लगातार दो हार झेलनी पड़ी है। लॉड्र्स टेस्ट में पाकिस्तान को 194 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद टीम सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई। खराब प्रदर्शन के बाद PCB ने तीसरे टेस्ट से पहले टीम और कोचिंग स्टाफ में बड़े बदलाव कर दिए। Cricinfo की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

बोर्ड ने टेस्ट टीम से सात खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। इनमें मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, अवैस जफर और खुर्रम शहजाद शामिल हैं। उनकी जगह पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों आराफात मिन्हास, मोहम्मद इमरान जूनियर, साद बेग, मोहम्मद इमरान रंधावा और रजाउल्लाह को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा सैम अयूब और अब्दुल्ला फजल भी टेस्ट स्क्वाड से जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। हेड कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को तीसरे टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया है। अब व्हाइट-बॉल टीम के मुख्य कोच माइक हेसन और गेंदबाजी कोच एश्ले नॉफके टेस्ट टीम के कोचिंग सेट-अप का हिस्सा होंगे। तीसरा टेस्ट 9 सितंबर से एजबेस्टन में खेला जाएगा।

# हर वक्त महसूस होती है थकान और कमजोरी? डायटीशियन के बताए ये होममेड ड्रिंक्स कर सकते हैं एनर्जी बूस्ट



शरीर में एनर्जी कम होने पर रोजाना के आसान काम भी थकाऊ लगने लगते हैं। लोग ऐसे में अक्सर सोचते हैं कि सुस्त शरीर में एनर्जी बढ़ाने के लिए क्या खाएं या पिएं? कई बार लोग मीठे या पैकेज्ड ड्रिंक्स का सेवन करते हैं, लेकिन ये लंबे समय तक शरीर में एनर्जी बनाए रखने का बेहतर विकल्प नहीं होते। इसके बजाय घर पर बने हेल्दी ड्रिंक्स को डाइट में शामिल किया जा सकता है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह ने तीन होममेड ड्रिंक्स बताए हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ एनर्जी लेवल को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं।

भिंडी शरबतः श्वेता शाह के मुताबिक, भिंडी पाउडर को पानी में मिलाकर ड्रिंक तैयार किया जा सकता है। भिंडी में घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जो भोजन से ग्लूकोज के अवशोषण को धीमा करने में मदद कर सकता है। ऐसे में यह ब्लड शुगर को मैनेज करने वाली डाइट का हिस्सा हो सकता है। हालांकि, इसे ग्लूकोज पाउडर का सीधा विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

जलाब ड्रिंकः इस ड्रिंक को तैयार करने के लिए खजूर, काली किशमिश और पुदीने का इस्तेमाल किया जाता है। खजूर और काली किशमिश में प्राकृतिक शर्करा जैसे ग्लूकोज और फ्रुक्टोज मौजूद होते हैं, जो शरीर को जल्दी उपलब्ध होने वाली ऊर्जा दे सकते हैं। इनमें फाइबर और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो पाचन और ओवरऑल हेल्थ को सपोर्ट करते हैं। पुदीना इस ड्रिंक को ताजगी और बेहतर स्वाद देता है।

छाछः श्वेता शाह छाछ को भी एक हल्के और रिफ्रेशिंग ड्रिंक के तौर पर लेने की सलाह देती हैं। इसे गाढ़ी और भारी लस्सी की बजाय पतली छाछ के रूप में लेना बेहतर है। इसके लिए छाछ में पर्याप्त पानी मिलाएं और स्वाद के लिए पुदीना, भुना जीरा और एक चुटकी नमक डाल सकते हैं।

छाछ में पानी की मात्रा अधिक होती है और इसमें सोडियम व पोटेशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी पाए जाते हैं। इसलिए यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद कर सकती है।

इसके अलावा शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए केवल किसी एक पेय पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। पूरे दिन संतुलित आहार लेना भी जरूरी है।

# गुर्दे की सेहत के लिए वरदान हैं ये योगाभ्यास

स्वास्थ्य का वास्तविक अर्थ केवल बीमारियों का इलाज करना नहीं बल्कि शरीर को स्वाभाविक रूप से स्वस्थ और मजबूत बनाए रखना है। गुर्दे हमारे शरीर का प्राकृतिक फिल्टरिंग सिस्टम है, जो शरीर की सफाई में काम करता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि आंतरिक अंगों की मालिश और पुनर्प्राप्ति की एक सूक्ष्म तकनीक है। सही योगाभ्यासों, प्राणायाम और सजगता के माध्यम से हम न केवल अपने गुर्दों को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि भविष्य में होने वाले गंभीर जोखिमों से भी इनका बचाव कर सकते हैं। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने कुछ ऐसे आसनों के बारे में बताया, जो गुर्दे पर प्रभाव डालते हैं और उसकी कार्यप्रणाली को मजबूत बनाते हैं। इनमें उत्तानपादासन, सेतुबंधासन, धनुरासन, भुजंगासन, अर्ध मत्स्येन्द्रासन, वक्रासन, कटिचक्रासन, त्रिकोणासन जैसे कई योगाभ्यास शामिल हैं। उत्तानपादासन : यह आसन सीधे तौर पर गुर्दे की किसी बीमारी को ठीक नहीं करता लेकिन यह शरीर की आंतरिक प्रणालियों को मजबूत कर गुर्दे की कार्यक्षमता में सुधार लाता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, इस आसन को करने के दौरान जब साधक पैरों को ऊपर उठाते हैं, तो निचले हिस्से से रक्त का प्रवाह पेट और पीठ के निचले हिस्से (जहां गुर्दे स्थित होते हैं) की ओर बढ़ता है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से गुर्दे को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है और वह खून को बेहतर ढंग से फिल्टर कर पाता है। इस आसन को करने के दौरान शरीर के एक तरफ का हिस्सा सिकुड़ता है और दूसरी तरफ खिंचाव होता है, जिससे किडनी और लिवर जैसे अंगों तक रक्त का संचार बेहतर होता है। यह आसन करने से शरीर को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं।

# वीकेंड की ये आदतें बढ़ा रही हैं कैंसर का खतरा, रिलेक्स के नाम पर पनप रही हैं ये बीमारियां



शादी, पार्टी और वीकेंड पर लोग जमकर खुशियां मनाते हैं। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताते हैं लेकिन इन समारोहों में लोग अक्सर इंजॉय के नाम पर ड्रिंक, सिगरेट और गुटखा का सेवन करते हैं। महानगरों में स्ट्रेसभरी लाइफ और अकेलेपन को दूर करने के लिए लोग शराब का सहारा लेते हैं। जिससे कुछ देर तो सबकुछ बहुत अच्छा लगता है लेकिन धीरे-धीरे शरीर में बीमारियां पनपने लगती हैं। शुरुआत में लोगों को इस खतरे का अंदाजा नहीं होता और शरीर में बीमारियां पनपती रहती हैं। डॉक्टर अक्षत मलिक (सीनियर कंसल्टेंट हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली) ने बताया कि मुंह के कैंसर के सबसे बड़े कारणों में तंबाकू का सेवन करना है। गुटखा, खैनी, जर्दा और तंबाकू वाला पान जैसे स्मोकलैस टोबैको प्रोडक्ट मुंह की अंदरूनी परत और मसूड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं सिगरेट और बीड़ी का धुआं भी मुंह और सिर-गर्दन के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। कई लोग यह सोचकर इनका सेवन करते हैं कि वो रोजाना इनका उपयोग नहीं करते हैं, इसलिए जोखिम भी कम होगा। लेकिन तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं माना जा सकता। खासकर जब कभी-कभार का सेवन धीरे-धीरे बार-बार होने लगे। शराब और तंबाकू को एक साथ लेना चिंताजनक है। शराब मुंह की सतह को प्रभावित कर सकती है और तंबाकू में मौजूद कैंसरकारी रसायनों के संपर्क को बढ़ा सकती है। इसलिए दोनों का एक साथ सेवन मुंह और गले के कैंसर के खतरे को काफी बढ़ा देता है। युवाओं में 'सोशल स्मोकिंग' या दोस्तों के साथ कभी-कभार तंबाकू का सेवन अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता। लेकिन किसी भी आदत की शुरुआत अक्सर इसी तरह होती है, जिसमें लोग कहते हैं कि मैं तो रोज नहीं करता। तंबाकू की आदत को केवल व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर परिवार में कोई सदस्य हर पार्टी, शादी या खाने के बाद गुटखा या सिगरेट लेने लगा है, तो उसे शर्मिंदा करने के बजाय बातचीत की जरूरत है। कई बार व्यक्ति को यह एहसास ही नहीं होता कि उसकी सोशल हैबिट कब नियमित आदत में बदल गई है।

# दोनों के बीच अंतर कैसे पता करें, स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए क्या क्या जरूरी उपाय करना चाहिए



मौसम में बदलाव के साथ वायरल इंफेक्शन और बुखार का खतरा काफी तेजी से बढ़ता है। आमतौर पर लोग हर बुखार को "सामान्य वायरल" समझकर अनदेखा कर देते हैं, लेकिन इन दिनों दिल्ली में स्वाइन फ्लू (H1N1) काफी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में स्वाइन फ्लू (H1N1) और सामान्य वायरल फीवर के बीच का अंतर समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। डॉ. अजय अग्रवाल, चेयरमैन इंटरनल मेडिसिन, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा बता रहे हैं कि दोनों के बीच क्या अंतर है और स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए कौन कौन से उपाय करना चाहिए। सामान्य वायरल फीवर धीरे-धीरे बढ़ता है। इसके विपरीत, स्वाइन फ्लू में वायरस का हमला अचानक और बहुत तेज होता है। इसमें मरीज कुछ ही घंटों में बहुत तेज बीमार महसूस करने लगता है।

बुखार का लेवलः सामान्य वायरल फीवर में हल्का से मध्यम बुखार (99-101F) रहता है। स्वाइन फ्लू में अचानक 102F से 104F तक तेज बुखार आता है, जो साधारण दवाइयों से आसानी से कम नहीं होता।

शरीर और मांसपेशियों में दर्दः स्वाइन फ्लू में मांसपेशियों और जोड़ों में बहुत तेज दर्द और थकान होती है, जबकि सामान्य वायरल में यह हल्का होता है।

सांस संबंधी समस्याएंः सामान्य वायरल में केवल नाक बहना या हल्का गला खराब होने जैसी समस्याएं होती हैं। स्वाइन फ्लू में सूखी, तेज खांसी, गले में खराश और कुछ मामलों में सांस फूलना या सीने में जकड़न महसूस होती है।

स्वाइन फ्लू एक ड्रॉपलेट इन्फेक्शन है। इससे बचाव के लिए अपनाएं ये जरूर उपाय।

फ्लू टीकाकरणः स्वाइन फ्लू से बचने का सबसे प्रभावी तरीका इन्फ्लुएंजा वैक्सीन है। यह शरीर में H1N1 वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है।

मास्क और दूरीः भीड़भाड़ वाली जगहों पर N95 या सर्जिकल मास्क पहनें और खांसते या छींकते समय अपनी कोहनी या टिशू से मुंह ढकें।

हाथों की स्वच्छताः दिन में कई बार कम से कम 20 सेकंड तक साबुन-पानी से हाथ धोएं या अल्कोहल-बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करें।

# देश में बनाए जाएंगे 100 नए एयरपोर्ट, हब एंड स्पोक सर्विस वाला देश का तीसरा एयरपोर्ट बना अहमदाबाद

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि रीजनल एयर कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़े देश का आम नागरिक' (UDAN) के तहत अगले 10 साल में 30,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। राम मोहन नायडू ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से भारत की तीसरी 'हब एंड स्पोक' सर्विस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उप-मुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। अहमदाबाद हवाई अड्डा भारत का तीसरा 'हब एंड स्पोक' सर्विस वाला एयरपोर्ट बन गया है, जिसका मकसद देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले यात्रियों को भारतीय हवाई अड्डों को केंद्र बनाकर अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से निर्बाध रूप से जोड़ना है। बताते चलें कि वाराणसी एयरपोर्ट देश का पहला एयरपोर्ट था, जहां इस सर्विस की शुरुआत हुई थी। इसके बाद, अमृतसर एयरपोर्ट पर भी इस साल जुलाई में ये सर्विस शुरू की गई थी। हब एंड स्पोक सर्विस, एविएशन सेक्टर में इस्तेमाल होने वाला एक लोकप्रिय ऑपरेशनल मॉडल है।

इस सर्विस के तहत, एक बड़े एयरपोर्ट को हब के रूप में ऑपरेट किया जाता है। जबकि, छोटे हवाई अड्डों को स्पोक के रूप में ऑपरेट किया जाता है। उदाहरण के लिए, किसी यात्री को अयोध्या से लंदन जाना है। यहां अयोध्या एक स्पोक एयरपोर्ट है, ऐसे में वो स्पोक एयरपोर्ट से पहले हब एयरपोर्ट यानी अहमदाबाद आएगा और फिर अहमदाबाद से लंदन की कनेक्टिंग फ्लाइट में फ्लाई करेगा।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ₹85 करोड़ की लागत से तैयार होगा नया फ्लाईओवर

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नोएडा प्राधिकरण ने 85 करोड़ की लागत से 500 मीटर लंबे नए फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दी है। यह फ्लाईओवर सेक्टर 148 और 150 को सीधे जोड़ेगा। इससे एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ रहने वाले लोगों को आने-जाने में आसानी होगी और जाम की समस्या भी कम होने की उम्मीद है। फिलहाल सेक्टर 148, 149, 150, 151, 152 और 153 के बीच आने-जाने के लिए लोगों को एक्सप्रेसवे के नीचे बने अंडरपास का इस्तेमाल करना पड़ता है। पीक आवर में इन अंडरपास पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है, जिससे लंबा जाम लग जाता है। बारिश के मौसम में समस्या और गंभीर हो जाती है। जलभराव के कारण अंडरपास से निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में प्रस्तावित फ्लाईओवर लोगों को एक सीधा और वैकल्पिक क्रॉस-एक्सप्रेसवे कनेक्शन देगा। प्रस्तावित फ्लाईओवर एक्सप्रेसवे के ऊपर से गुजरेगा और सेक्टर 148 को सेक्टर 150 से सीधे जोड़ेगा। इससे वाहन चालकों को मौजूदा इंटरचेंज के जरिए लंबा रास्ता तय करने की जरूरत कम होगी। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, इससे यात्रा का समय घट सकता है और एक्सप्रेसवे से जुड़े आसपास के सेक्टर्स में कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

# सोने की कीमत में लगातार 5वें दिन भी गिरावट, आज ₹2700 सस्ता हुआ गोल्ड; जानें 24 कैरेट का भाव

सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट यानी 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 2,700 गिरकर 1,58,200 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है, जब सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोना कुल 8,900 यानी करीब 5.3 फीसदी टूट चुका है। सोने की कीमत अब करीब दो हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सोमवार को 24 कैरेट सोना 1,60,900 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मंगलवार को इसमें 2,700 की बड़ी गिरावट देखने को मिली। इससे पहले 19 अगस्त को सोना करीब 1,58,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सोने में लगातार गिरावट से उन लोगों को राहत मिल सकती है, जो आने वाले दिनों में ज्वेलरी खरीदने की तैयारी कर रहे हैं। सोने की कीमत में हालिया गिरावट कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 25 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,67,100 प्रति 10 ग्राम था। इसके बाद पांच कारोबारी सत्रों में इसकी कीमत 8,900 कम हो चुकी है। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी मंगलवार को बड़ी गिरावट आई। चांदी 5,000 घटकर 2,40,500 प्रति किलोग्राम पर आ गई। सोमवार को इसका भाव 2,45,500 प्रति किलो था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुलियन की बिकवाली और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। आमतौर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद बढ़ने पर निवेशक सोने से दूरी बना सकते हैं।

# महीने के पहले दिन बाजार ने किया निराश! सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद

सितंबर के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में बाजार संभलता नजर आया, लेकिन बाद में बिकवाली बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हुए। मिडकैप शेयरों पर दबाव ज्यादा रहा, जबकि ITC, HCL टेक और कुछ चुनिंदा शेयरों ने बाजार को संभालने की कोशिश की। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 12.99 अंक यानी 0.02 फीसदी गिरकर 76,944.28 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 24.60 अंक यानी 0.10 फीसदी फिसलकर 24,055.80 पर आ गया। बाजार में गिरावट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब 2,476 शेयर गिरावट में बंद हुए, जबकि 1,655 शेयरों में तेजी रही। 185 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी में श्रीराम फाइनेंस 5 फीसदी से ज्यादा टूटकर सबसे बड़ा नुकसान उठाने वाला शेयर रहा। बैंकिंग शेयरों में भी बिकवाली देखने को मिली। एक्सिस बैंक, ICICI बैंक और SBI के शेयरों में करीब 2-3 फीसदी की गिरावट आई। वहीं, अगस्त में उम्मीद से कम डिस्पैच के कारण मारुति सुजुकी के शेयर करीब 5 फीसदी गिर गए और एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए।

# अगस्त में टैक्स से सरकार की बंपर कमाई! GST कलेक्शन में 14.8% उछाल



अगस्त महीने में सरकार को टैक्स के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी मिली है। जीएसटी कलेक्शन में सालाना आधार पर 14.8 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अगस्त 2026 में देश का ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन करीब 2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, जुलाई के मुकाबले इसमें कमी आई है। सरकार के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2026 में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू 1,99,853 करोड़ रहा। पिछले साल अगस्त में यह 1,74,116 करोड़ था। यानी एक साल में जीएसटी कलेक्शन करीब 14.8 फीसदी बढ़ा है।

हालांकि, जुलाई 2026 में सरकार को 2.11 लाख करोड़ का जीएसटी मिला था। अगस्त में जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने में आयात से मिलने वाले राजस्व की बड़ी भूमिका रही। ग्रॉस इंपोर्ट जीएसटी 29 फीसदी बढ़कर 62,604 करोड़ हो गया। अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 48,546 करोड़ था। वहीं, घरेलू जीएसटी रेवेन्यू भी बढ़ा है। अगस्त में घरेलू ग्रॉस रेवेन्यू 9.3 फीसदी बढ़कर 1,37,249 करोड़ हो गया, जो पिछले साल इसी महीने 1,25,570 करोड़ था। अगस्त में सरकार को सीजीएसटी से 38,413 करोड़, एसजीएसटी से 46,316 करोड़ और आईजीएसटी से 52,520 करोड़ मिले।

# टाइट जूते से हाई हील तक, पैरों में क्या पहनते हैं इसका शरीर पर पड़ता है असर

हम अक्सर कपड़े, हेयरस्टाइल और अपनी फिटनेस पर तो खूब ध्यान देते हैं, लेकिन पैरों में क्या पहन रहे हैं, इस पर उतना गौर नहीं करते। जूते या चप्पल खरीदते समय कई लोगों के लिए डिजाइन, रंग और कीमत सबसे जरूरी होती है। लेकिन साइंस की मानें तो फुटवियर सिर्फ फैशन का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध पैरों की चाल, दबाव और शरीर के निचले हिस्से की मूवमेंट से भी है। गलत साइज या गलत डिजाइन का फुटवियर लंबे समय तक पहनने पर पैरों में दर्द और दूसरी परेशानियों का कारण बन सकता है। अगर जूता पैर से छोटा है या बहुत टाइट है तो पैर की उंगलियों को सही जगह नहीं मिलती। इससे उंगलियों पर लगातार दबाव पड़ता है। लंबे समय तक ऐसा होने पर पैरों में दर्द, छाले, कॉर्न और त्वचा पर मोटी परत जैसी परेशानियां हो सकती हैं। कई लोग जूता खरीदते समय सिर्फ यह देखते हैं कि पैर उसमें आ रहा है या नहीं। लेकिन जूते की चौड़ाई भी उतनी ही जरूरी है। अगर आगे से जूता बहुत संकरा है तो पैर की उंगलियां आपस में दब सकती हैं। इससे चलने में परेशानी और पैरों में दर्द हो सकता है। इसलिए ऐसा जूता बेहतर माना जाता है जिसमें उंगलियों को थोड़ा फैलने की जगह मिले। अगर आप लगातार हाई हील पहनते हैं तो यह सिर्फ पैरों तक सीमित असर नहीं डालती। रिसर्च में हाई हील्स को पैर की बनावट में बदलाव, मस्कुलोस्केलेटल दर्द और चोट के बढ़े हुए खतरे से जोड़ा गया है। एक अन्य मेटा-एनालिसिस में पाया गया कि ऊंची हील पहनने पर चलते समय घुटने पर पड़ने वाले कुछ लोड और मोमेंट बढ़ जाते हैं।

लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कभी-कभार हील पहनना हर किसी के लिए नुकसानदायक है। रोजाना लंबे समय तक हाई हील पहनना पैरों के लिए परेशानी बढ़ा सकता है। हमारे पैर जमीन पर शरीर का वजन संभालते हैं। जूते का आकार और डिजाइन बदलने पर चलने का तरीका भी थोड़ा बदल सकता है। अगर जूता सही फिट नहीं है तो पैर को सामान्य तरीके से रखने में दिक्कत हो सकती है। इसी वजह से लंबे समय तक गलत फुटवियर पहनने पर दर्द या असहजता महसूस हो सकती है। साइंस के मुताबिक, जूता ऐसा होना चाहिए जिसमें पैर आराम से रहे। उंगलियों पर ज्यादा दबाव न पड़े, एड़ी बार-बार जूते से बाहर न निकले और चलते समय पैर को परेशानी न हो। अगर जूता पहनने के कुछ देर बाद ही पैर में दर्द, जलन या दबाव महसूस होने लगे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दिनभर चलने-फिरने के बाद पैरों में हल्की सूजन आ सकती है, इसलिए जूते खरीदते समय उन्हें पहनकर कुछ कदम चलना उपयोगी रहता है।



थिंक राजस्थान



## झारखंड में बुधवार को भारी बारिश का रेड तो हिमाचल में येलो अलर्ट

पूर्वी यूपी और बिहार समेत देश के कई राज्यों के लोगों को अगले 36 घंटे तक राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बुधवार को मूसलाधार बारिश हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 2 से 4 सितंबर के दौरान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 3 से 5 सितंबर के दौरान बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, दो सितंबर को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुज़फ़्फ़राबाद में तेज बारिश की संभावना है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में भी बुधवार को बारिश के आसार हैं। ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आंधी-तूफान के साथ बारिश के आसार हैं। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 2-5 सितंबर तक बारिश की संभावना है। गुजरात, कोंकण, महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और गोवा में बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और तेलंगाना में भी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की रफ़्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

## 'US के राष्ट्रपति भी बन सकते हैं विजय, डोनाल्ड ट्रंप की जगह ले सकते हैं', पलानीस्वामी का तंज



AIADMK के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (TVK) की ओर से बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे पब्लिक रिलेशन (PR) कैंपेन और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के चार्टर्ड फ्लाइट्स से हवाई यात्राएं करने की प्रवृत्ति पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री तो अमेरिका के राष्ट्रपति भी बन सकते हैं। इस सवाल पर कि टीवीके समर्थक मुख्यमंत्री विजय को भविष्य के प्रधानमंत्री के तौर पर देख रहे हैं, पलानीस्वामी ने तंज कसते हुए कहा, ''वह तो अमेरिका के राष्ट्रपति भी बन सकते हैं और डोनाल्ड ट्रंप की जगह ले सकते हैं। इसमें कुछ गलत नहीं है, यह उनकी इच्छा है।'' पलानीस्वामी ने आगे और तंज कसते हुए कहा, यहां TVK सरकार जमीनी काम करने के बजाय सोशल मीडिया पर सिर्फ 'रील्स' डालकर सरकार चला रही है, लेकिन अमेरिका में यह तरीका काम नहीं करेगा। वहां ऐसे नहीं चलेगा। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और पिछले 110 दिनों में हत्या, डकैती और हिंसा की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विजय को ''खर्चीला मुख्यमंत्री'' भी बताया और मौजूदा सरकार के खर्च की तुलना पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के समय के खर्च से की। पलानीस्वामी ने कहा, ''अम्मा के कार्यकाल में खर्च में कटौती करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाता था।'' उन्होंने विजय की इस बात पर तंज कसा कि वह खुद को एक साधारण किसान की तरह पेश करते हैं, जबकि खुद इतनी महंगी यात्राएं करते हैं। AIADMK नेता ने मुख्यमंत्री पर यह आरोप भी लगाया कि वह बिना किसी वित्तीय समर्थन के नियम 110 के तहत ''बिना सोचे-समझे योजनाएं'' घोषित कर रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि अगर राज्य इसी दर से कर्ज लेता रहा, तो उसका कर्ज बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। बता दें कि इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब TVK के नेता आधव अर्जुन और सरथकुमार ने खुले तौर पर विजय को प्रधानमंत्री के लिए आगे बढ़ाने की बात कही। तूतीकोरिन में विजय को प्रधानमंत्री बनाने के समर्थन में पोस्टर भी लगाए गए, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। वहीं, कांग्रेस के एक मंत्री ने TVK को ऐसी चेतावनी दी है जिससे दोनों दलों के बीच खटास सामने आ सकती है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री राजेश कुमार ने धमकी दी है कि अगर TVK इस बात से सहमत नहीं होती है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तो सरकार से 2 मंत्री इस्तीफा दे देंगे। इस बयान के बाद तमिलनाडु की राजनीति में गठबंधन की संभावनाओं और नेतृत्व को लेकर बहस और तेज होने के आसार हैं। विजय को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाने की मांग ऐसे समय उठी है, जब राज्य की राजनीति में कई दल अपनी-अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में नेताओं के बयानों को आगामी चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, पार्टी के सामने अभी राज्य की राजनीति में अपनी संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का नेटवर्क विस्तार करने की चुनौती है।

## "महिलाएं घर में रहें तो अच्छा", केरल के मौलवी का विवादित बयान, सियासी बवाल पर IUML ने क्या कहा?

केरल के कोच्चि में आयोजित हब्बुल रसूल कॉन्फ्रेंस में ग्रैंड मुफ्ती शेख अबूबकर अहमद ने महिलाओं को लेकर ऐसी बात कही, जिस पर बवाल मच गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने घरों तक सीमित रहना चाहिए और उन्हें सार्वजनिक जीवन में नहीं आना चाहिए। इतना ही नहीं, अहमद ने कहा कि महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में लाने से बड़ी तबाही हो सकती है और इसी वजह से इस्लाम में महिलाओं के लिए पर्दा व्यवस्था निर्धारित की गई। उन्होंने ये भी कहा कि धार्मिक विद्वान पिछले 100 वर्षों से इस विचार को बताते आए हैं और इससे महिलाओं की गरिमा बनी रही है। उनके मुताबिक, कुरान में भी ऐसा ही कहा गया है। इस बयान को लेकर मचे बवाल के बाद केरल में सत्ताधारी कांग्रेस की अहम सहयोगी पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML) ने महिलाओं पर वरिष्ठ सुन्नी मुस्लिम विद्वान कांथापुरम ए.पी. अबूबकर मुसलियार की विवादित टिप्पणियों को सही ठहराया और उन्हें "विद्वानों वाली बात" बताया। मुसलियार की टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML) के राज्य अध्यक्ष पनाक्कड़ सादिक अली शिहाब थंगल ने कहा कि इस मामले पर उन्हें और कुछ नहीं कहना है। यह एक विद्वतापूर्ण विचार था।

इसके अलावा, मुझे इस मामले पर और कुछ नहीं कहना है। वे विद्वान हैं। मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करने जा रहा हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आज के समय में महिलाओं को उसी तरह रहना चाहिए जैसा मुसलियार ने सुझाया है, तो थंगल ने कहा कि उन्हें लगता है कि धर्मगुरु महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। थंगल ने कहा, "मुझे लगता है कि उनका मतलब यह था कि मौजूदा हालात में महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। हो सकता है कि उन्होंने इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए यह बात कही हो। ऐसे मामलों में कुछ संयम बरतना चाहिए।" जब उनसे खास तौर पर इस राय के बारे में पूछा गया कि महिलाओं को सिर्फ़ पर्दा करना चाहिए और सार्वजनिक जगहों पर जाने के बजाय घर के अंदर ही रहना चाहिए, तो थंगल ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है। उन्होंने कहा, "समाज में हर किसी की अपनी-अपनी राय होती है। हम बस इतना कर सकते हैं कि उन मुद्दों पर मिलकर काम करें जो पूरे समाज से जुड़े हों।" वहीं, वरिष्ठ CPI(M) नेता पी. जयराजन ने इस सोच की आलोचना की कि महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से दूर रखा जाना चाहिए। जयराजन ने महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से दूर रखने के विचार की आलोचना की। जयाराजन ने एक फ़ेसबुक पोस्ट में कहा कि हर धार्मिक व्यक्ति को अपनी आस्था के बारे में बात करने का अधिकार है, लेकिन लोकतांत्रिक समाज में ऐसी सोच पर बहस और आलोचना हो सकती है, जब वे यह तय करने की कोशिश करते हैं कि महिलाओं को कैसे रहना चाहिए और सार्वजनिक जीवन में कैसे हिस्सा लेना चाहिए।

## हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेता उदित राज, दिल्ली में RSS मुख्यालय के बाहर मनुस्मृति की प्रतियां जलाईं थीं



दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता और 'ऑल इंडिया अनऑर्गनाइज़्ड वर्कर्स एंड एम्प्लॉईज़ कांग्रेस' (KKC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज को हिरासत में ले लिया। मंगलवार को यह कार्रवाई केशव कुंज स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के दिल्ली मुख्यालय के बाहर अचानक किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और 'डोमा परिसंघ' (Doma Parisangh) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस अचानक हुए प्रदर्शन ने सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया। प्रदर्शनकारी मौके पर जमा हुए, नारे लगाए और प्राचीन ग्रंथ 'मनुस्मृति' की प्रतियों के साथ-साथ RSS की प्रतीकात्मक यूनिफॉर्म भी जलाईं। प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए सुना गया, "देश भारतीय संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।" यह विरोध-प्रदर्शन जाति और दलित पहचान से जुड़े राजनीतिक विवाद की एक ताज़ा कड़ी है। इसकी तात्कालिक वजह उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक सार्वजनिक रैली स्थल पर किया गया एक विवादास्पद "शुद्धिकरण" अनुष्ठान है; यह अनुष्ठान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के वहां एक सभा को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद किया गया था। हिरासत में लिए जाने के बाद उदित राज ने ANI को बताया, "मुझे हिरासत में ले लिया गया है।

## दिल्ली वालों की बल्ले-बल्ले, 2 लाख 30 हजार लोगों को मुफ्त में मिलेगा सोलर पैनल



दिल्ली सरकार नई सोलर पॉलिसी लेकर आई है। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार की ओर से नई नीति की विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि कैबिनेट की बैठक महतवपूर्ण फैसला लिया गया है। दिल्ली सौर ऊर्जा नीति का दूसरा संशोधन को पास किया गया है। 2 लाख 30 हजार लोगों को मुफ्त में सोलर पैनल देने का फैसला लिया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम सूर्य ऊर्जा योजना दिल्ली में उठ नहीं पा रही थी, इसलिए ये फैसला लिया। 400 यूनिट तक खपत वाले लोगों के घर में फ्री में सोलर पैनल लगाया जाएगा। ये फायदा 2.3 लाख लोगों को मिलेगा। मार्च 2027 तक ये लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इंसेंटिव भी अब पहले ही दे दिया जाएगा, जो पहले 5 साल बाद मिलता था। मेंटेनेंस भी सरकार खुद करेगी। 3 किलोवाट के सोलर के लिए केंद्र 78000 रुपये और दिल्ली सरकार भी 78000 रुपये देगी। जिनको 200 यूनिट की बिजली की सब्सिडी मिल रही है वो मिलती रहेगी। खास बात यह है कि यह सब्सिडी केंद्र सरकार की PM सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त होगी। सरकारी को ओर से बताया गया कि 10 KV तक के सिस्टम पर कोई रजिस्ट्रेशन फी नहीं लगेगा। दिल्ली में अभी तक 10070 घरों में सोलर प्लान इंस्टॉल किए गए हैं। जिनमें से 228 MW सौर ऊर्जा दिल्ली में जनरेट किया जा है। फरवरी 2027 तक 500 MW सौर ऊर्जा जनरेट करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली सरकार ने लाखों नए घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा है। सरकार का फोकस ज्यादा से ज्यादा घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने और बिजली की लागत कम करने पर है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब इस पॉलिसी से जुड़ी पात्रता, सब्सिडी की प्रक्रिया और अन्य प्रावधानों की आधिकारिक जानकारी जल्द ही जारी कर दी जाएगी। नई नीति लागू होने के बाद दिल्ली में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सौर ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया पहले की तुलना में आसान होने की उम्मीद है। सरकार का जोर ऐसे परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर है, जो बिजली की नियमित खपत करते हैं और अपनी छत पर सौर संयंत्र लगाने में रुचि रखते हैं। पात्र परिवारों को मिलने वाली सहायता से शुरुआती खर्च का बोझ भी कम होगा।

## घर में लूट के बाद बेरहमी से हत्या, 58 वर्षीय महिला का शव कुर्सी पर बैठाकर भागे बदमाश



उत्तर प्रदेश के कानपुर रावतपुर के केशवपुरम इलाके में मंगलवार शाम एक सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। घर में अकेली 58 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने शव को कुर्सी पर इस तरह बैठा दिया, जैसे महिला अभी भी जिंदा हो। घर के अंदर सामान बिखरा मिला, जिससे पुलिस को लूट के बाद हत्या किए जाने का शक है। घटना का खुलासा रात में उस वक्त हुआ, जब घर की किराएदार पानी भरने के लिए मोटर चलाने पहुंची। उसने महिला को कुर्सी पर बैठे देखा। कई बार आवाज देने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर उसने महिला के पति शिवमंगल कुशवाहा को सूचना दी। शिवमंगल मौके पर पहुंचे तो उन्हें शुरुआत में लगा कि उनकी पत्नी उमा कुशवाहा की तबीयत बिगड़ गई है या उन्हें अटैक आया है।

लेकिन पास जाकर देखने पर उनके गले पर काले-नीले निशान दिखाई दिए। कमरे में सामान अस्त-व्यस्त था। इसके बाद हत्या और लूट की आशंका जताई गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। रात करीब 11 बजे रावतपुर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और परिवार के सदस्यों से जानकारी ली। घटना के बाद सूचना पर पहुंचे डीसीपी वेस्ट कासिम आब्दी के अनुसार, शुरुआती जांच में वारदात का समय शाम करीब पांच से छह बजे के बीच माना जा रहा है। इस दौरान महिला घर में अकेली थीं।

## जिस बेटे का अंतिम संस्कार कर चुका था परिवार, 1 महीने बाद जिंदा लौट आया घर; फिर वो शव किसका था?

**ओडिशा के ढेंकानाल जिले में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है।**



ओडिशा के ढेंकानाल जिले के हिंदोल इलाके से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिस 29 वर्षीय युवक सनातन नायक को परिवार मृत समझकर उसका अंतिम संस्कार कर चुका था, वह करीब एक महीने बाद अचानक जिंदा घर लौट आया। इस घटना के बाद परिवार और गांव के लोग हैरान हैं। मामला बालिमी थाना क्षेत्र के बरसिंगा गांव का है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि परिवार ने जिस शव का अंतिम संस्कार किया था, वह आखिर किसका था? जानकारी के मुताबिक, सनातन नायक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहा था। वह 17 जुलाई को साइकिल लेकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी समय तक जब सनातन घर नहीं पहुंचा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों को शुरुआत में लगा कि शायद वह किसी रिश्तेदार के घर गया होगा और जल्द वापस लौट आएगा, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिवार की चिंता बढ़ गई। सनातन के लापता होने के करीब 10 दिन बाद रसोल पुलिस को कुनुआ गांव के पास एक धान के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव काफी खराब हालत में था। बताया गया कि शव कुछ समय तक पानी में रहने के कारण बुरी तरह सड़ चुका था। पुलिस ने शव मिलने की जानकारी सनातन के परिवार को दी। हालांकि, जब तक परिवार मौके पर पहुंचा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। शव की पहचान करने के दौरान परिवार ने उस पर मौजूद कपड़ों को देखकर उसे सनातन का शव समझ लिया। परिवार का मानना था कि कपड़े सनातन के ही हैं। इसके बाद उन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिवार ने अंतिम संस्कार से जुड़ी परंपराएं भी पूरी कर ली। सनातन की पत्नी ने भी खुद को विधवा मानते हुए उससे जुड़े रीति-रिवाजों का पालन शुरू कर दिया था, लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने पूरे परिवार को हैरान कर दिया। सनातन के लापता होने के करीब एक महीने बाद परिवार को गअंदिया थाना क्षेत्र के जोरांडा पुलिस चौकी से जानकारी मिली कि सनातन जिंदा है। यह खबर सुनते ही परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। रिश्तेदार तुरंत जोरांडा पहुंचे और सनातन को अपने साथ घर लेकर आए। इसके बाद सनातन अपने परिवार से दोबारा मिल गया। उसके जिंदा लौटने से परिवार और गांव के लोगों में खुशी और राहत का माहौल है। उसकी पत्नी ने भी विधवा के रूप में शुरू किए गए रीति-रिवाज बंद कर फिर से अपना वैवाहिक जीवन शुरू कर दिया। इस पूरे मामले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अगर सनातन जिंदा था, तो उस शव की पहचान आखिर किस व्यक्ति के रूप में हुई थी, जिसका परिवार ने अंतिम संस्कार कर दिया? फिलहाल स्थानीय पुलिस की ओर से उस शव की वास्तविक पहचान को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सनातन की मां मंजू नायक ने बताया कि उनका बेटा 17 जुलाई को घर से जाने के बाद वापस नहीं आया था। परिवार को उम्मीद थी कि वह किसी रिश्तेदार के घर गया होगा और लौट आएगा।

## 9 साल से फरार डबल मर्डर का आरोपी चुम्मा उर्फ नवल किशोर दिल्ली में गिरफ्तार




दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की एंटी गैंगस्टर स्क्वॉड (AGS) ने राजस्थान के भरतपुर में वर्ष 2017 में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर केस के आरोपी को करीब नौ साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चुम्मा उर्फ नवल किशोर (50) के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके का रहने वाला है और पुलिस के मुताबिक वह PS मोहन गार्डन का बैड करेक्टर भी है। आरोपी थाना उचैन, भरतपुर, राजस्थान में दर्ज FIR नंबर 160/2017 में वांछित था। उसके खिलाफ कोर्ट से परमानेंट नॉन वेएबल वारंट जारी किए गए थे।

आरोपी वर्ष 2017 में वारदात के बाद से लगातार गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस के मुताबिक, 14 जुलाई 2017 को भरतपुर में कृषि भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। करीब 30-40 हथियारबंद लोग विवादित खेत में पहुंचे और वहां ज्वार की फसल को ट्रैक्टर से जोतने लगे। शिकायतकर्ता पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने कथित तौर पर अंधाधुंध फायरिंग और हमला कर दिया। इस वारदात में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मामले में पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, घातक हथियारों से लैस होकर हमला, मारपीट और अन्य धाराओं में FIR दर्ज की थी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415